सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
रविवार, 18 मई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 134, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## निर्यात जून से भारत में ही बनेंगे आईफोन

फॉक्सकॉन की देवनहल्ली के आईटीआईआर में स्थित इकाई परिचालन जून से शुरू हो जायेगा। जिससे आईफोन का निर्माण यहां संभव हो सकेगा। } 10

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों पर सटीक हमला

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान में अमेरिकी सेना द्वारा ओसामा बिन लादेन को ढेर किए जाने के बीच समानताएं हैं। दोनों ही हमले बड़ी सटीकता के साथ किये गये थे। }12



# कांग्रेस को रास नहीं आ रहा थरूर का रवैया

## केन्द्र सरकार ने बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व का रखा प्रस्ताव

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। आतंकवाद पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेश में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के केंद्र के निमंत्रण को स्वीकार करने के अपने फैसले पर कायम कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती।

साथ ही उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के लिए कांग्रेस द्वारा किसी नाम के सुझाव के बारे में जानकारी होने से इनकार करते हुए कहा कि यह पार्टी और केंद्र सरकार के बीच का मामला है। थरूर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने विदेश मामलों को संभालने के उनके पिछले अनुभव को देखते हुए हाल ही में



उन्हें प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया और मैंने तुरंत सहमति दे दी।

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद ने कहा मुझे इसमें कोई राजनीति नहीं दिखती। मेरे अनुसार, जब हमारा एक राष्ट्र होता है तो राजनीति महत्वपूर्ण हो जाती है। हम सभी भारतीय हैं। जब राष्ट्र संकट में होता है और केंद्र सरकार किसी नागरिक की मदद मांगती है, तो आप इसके अलवा और क्या जवाब देंगे। उन्होंने आगे कहा कि सभी ने पाकिस्तान के साथ 88 घंटे तक चली लड़ाई देखी है और इसलिए, दुनिया हमारे बारे में क्या कह रही है, इसमें हम सभी की भूमिका होनी चाहिए। थरूर ने कहा, इसी भावना के साथ मैंने इस पर सहमति जताई। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस उनके निर्णय से नाखुश है और उसने प्रतिनिधिमंडल के लिए जिन लोगों के नाम सुझाए थे, उनके नाम क्यों जारी किए, थरूर ने कहा कि मीडिया को ये सवाल पार्टी से पूछना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या पार्टी को उनके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# आतंकवाद के खिलाफ कई देशों का दौरा करेगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

## चार दलों का नेतृत्व करेंगे सत्तारूढ़ पार्टी के नेता, जबकि तीन की अगुवाई करेंगे विपक्षी सदस्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख साझेदार देशों के दौरे पर जाएंगे, जिनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता, जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा शामिल हैं तथा विपक्षी दलों से कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं।

प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की



रविशंकर प्रसाद, बैजयंत पांडा, श्रीकांत शिंदे, संजय झा, कनिमोझी, सुप्रिया सुले, आनन्द शर्मा, गौरव गोगोई

सूची सरकार को सौंपी थी उनमें थरूर का नाम नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि उसकी तरफ से सिर्फ चार नेताओं, आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बिना कहा कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है। वहीं, थरूर ने कहा कि राष्ट्र हित और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने पर वह पीछे नहीं रहेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल हर तरह के आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को सामने रखेंगे। वे आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के देश के मजबूत संदेश को दुनिया के समक्ष लेकर जाएंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के ऐसे नेताओं का सोच-विचार कर चयन किया है, जिन्हें मुखर माना जाता है। इन नेताओं में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चार और विपक्षी इंडिया गठबंधन के तीन नेता शामिल हैं, जो सार्वजनिक जीवन में लंबे समय से सक्रिय रहने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### शुरू हुई पीएसएलवी-सी61 के प्रक्षेपण की उलटी गिनती



श्रीहरिकोटा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) रॉकेट के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन उपग्रह के प्रक्षेपण की 22 घंटे की उलटी गिनती शनिवार को यहां शुरू हो गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूत्रों ने यह जानकारी दी। पीएसएलवी-सी61 का प्रक्षेपण 18 मई को श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से सुबह पांच बजकर 59 मिनट पर निर्धारित है।

### मथुरा में पकड़े गये 90 बांग्लादेशी

मथुरा। जिले में नौहझील थाना क्षेत्र के दो गांवों में ईंट-भट्टों पर काम करते पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक भारत में एक दशक से भी अधिक समय से रह रहे थे। यहां तक कि उनमें से कुछ लोगों ने स्थानीय निवास प्रमाण के रूप में पैन कार्ड व आधार कार्ड भी हासिल कर लिए हैं। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने शुक्रवार को बच्चों और महिलाओं समेत कुल 90 बांग्लादेशी नागरिकों के पकड़े जाने की जानकारी दी थी। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान 35 पुरुषों, 27 महिलाओं और 28 बच्चों के बांग्लादेशी होने की बात सामने आई। वे लोग तीन-चार महीने पहले मथुरा आए थे।

# आयुष चिकित्सा पद्धति जन-जन तक पहुंचायेगी सरकार

## ○ प्रदेश के प्रत्येक मंडल में स्थापित हों आयुष महाविद्यालय : योगी ○ सभी संस्थानों में नेचुरोपैथी व योग सेंटर की करें व्यवस्था

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से



पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निमार्णाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निजी क्षेत्र में संचालित आयुष महाविद्यालयों एवं चिकित्सालयों के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, फैकल्टी एवं स्टाफ की गुणवत्ता का गहन परीक्षण कराया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी के जंगलों में शुरू हुई विस्टाडोम ट्रेन सेवा




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रदेश में इको टूरिज्म और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य से दुधवा बाघ अभयारण्य तक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पर्यटक ट्रेन में विस्टाडोम कोच का संचालन शुरू कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान में दावा किया गया है कि उप्र देश का पहला ऐसा प्रदेश बन गया है, जहां पर्यटकों के लिए जंगल सफारी का रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए विस्टाडोम कोच की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। यह सेवा पर्यटकों के लिए 12 महीने उपलब्ध रहेगी। फिलहाल यह सेवा वर्तमान में शनिवार और रविवार ही पर्यटकों को उपलब्ध करायी जा रही है, लेकिन आने वाले दिनों में यह सेवा सभी दिन उपलब्ध होगी। ...शेष पृष्ठ 10 पर

## तेलंगाना में 20 माओवादी गिरफ्तार, हथियार जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना के मुलुगु जिले में विभिन्न स्थानों से पुलिस ने प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के 20 सदस्यों को गिरफ्तार किया और उनके पास से कई हथियार जब्त किए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मुलुगु जिले के पुलिस अधीक्षक शबरीश पी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि एक डिवीजन कमेटी सदस्य और पांच एरिया कमेटी सदस्यों सहित माओवादियों को 16 और 17 मई के बीच वाहन जांच, तलाशी अभियान और वेंकटपुरम, वजीदु और कन्नाईगुडेम पुलिस थानों की सीमाओं के अंतर्गत गश्त के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा हाल ही में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर केंगुट्टा पहाड़ियों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करने के बाद, मुलुगु पुलिस को सूचना मिली कि केंगुट्टा में शरण लिए हुए भाकपा (माओवादी) वहां से छोटे-छोटे समूहों में विभिन्न स्थानों की ओर भाग रहे हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुलुगु जिले में माओवादियों के प्रवेश को रोकने के लिए पुलिस ने अपनी निगरानी प्रणाली को मजबूत किया और माओवादियों को पकड़ लिया।

# आतंकवाद की जड़ पर प्रहार करता है नया भारत

## तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस का प्रतीक : धामी

प्रमुख संवाददाता

हल्द्वानी (उत्तराखंड)। भारत अब सीधे एक्शन में विश्वास करता है। भारतीय सैनिकों की गोलियां अब आतंकवाद और उसके संरक्षकों का खात्मा करने का कार्य करती हैं। हमारी सेनाएं हर परिस्थिति से निपटने को सदैव तैयार रहती हैं।

यह ओजपूर्ण विचार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह और जोश के साथ देशवासी इस यात्रा में भाग ले रहे हैं, वह इस बात का प्रमाण है कि समूचा भारत आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद की जड़ पर सीधा प्रहार किया है। भारतीय सेना को सशक्त निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता दी गयी, जिसका परिणाम यह हुआ कि बिना पाकिस्तान की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## करंट लगने से सिपाही की मौत

बिजनौर। बिजनौर में ट्रक चालक से कथित तौर पर मारपीट कर भाग रहे कुछ अपराधियों को पकड़ने के लिए नहर में कूदे कांस्टेबल की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि शुक्रवार रात नगीना रोड स्थित गढ़ी चौराहे पर कार सवार कुछ अपराधी ट्रक चालक से मारपीट कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस प्रतिक्रिया वाहन (पीआरवी) के कांस्टेबल मनोज (38) और गंगा राम मौके पर पहुंचे तो अपराधी गोली चलाते हुए कार से भागने लगे। सलामाबाद-भैरा के पास कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर नहर में गिर गई।दोनों कांस्टेबल भी नहर में कूद गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कार की टक्कर से खंभे से तार टूटकर पानी में गिर गया, जिससे नहर में ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अमेरिका में भीषण तूफान, 21 की मौत

## जीवित बचे लोगों के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्र में तलाश जारी

एजेंसी

सेंट लुइस (अमेरिका)। अमेरिका के समूचे मध्यपश्चिम भाग में तूफान के कारण 21 लोगों की मौत हो गई है। इनमें दक्षिण-पूर्वी केंटुकी में आए बवंडर के कारण मारे गए नौ लोग भी शामिल हैं। केंटुकी के अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात को लॉरेल काउंटी में आए बवंडर के कारण भी कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

लॉरेल काउंटी के शेरिफ जॉन रूट के कार्यालय ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए क्षतिग्रस्त क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है। इस बीच, मिसौरी में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई तथा अधिकारी घर घर जाकर फंसे या घायल हुए लोगों की



तलाश कर रहे हैं। मिसौरी में कम से कम एक बवंडर सहित कई बार तूफान आया। ये तूफान शुक्रवार को आई भीषण मौसम प्रणाली का हिस्सा थे जिसके कारण विस्कॉन्सिन में बवंडर आया, ग्रेट लेक्स क्षेत्र में लाखों उपभोक्ताओं को बिजली के बिना रहना पड़ा तथा टेक्सास में भीषण गर्म हवाएं चलीं। शुक्रवार अपराह्न आए तूफान के कारण ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 41.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 30.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- अयोध्या के पर्यटकों को मिली पार्किंग की सौगात (पृष्ठ-02)
- कुकरैल नदी से शीघ्र निकाली जाये गाद (पृष्ठ-02)
- साइबर ठगों ने उड़ाये 11.55 करोड़ रुपये (पृष्ठ-10)
- सीमावर्ती इलाकों के लोग कर रहे आश्रय की मांग (पृष्ठ-10)
- उत्तराखंड : आपात स्थिति में उतरी हेली एंबुलेंस (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — दोपहर 12 से 4 बजे के बीच तेज धूप में घरों से बाहर न निकलने की सलाह, बुजुर्ग, बच्चों व श्रमिकों के लिए बरतें विशेष सतर्कता

# योगी सरकार ने हीट वेव से बचाव के लिए जारी की गाइडलाइन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश भर में इन दिनों तेज गर्मी और लू (हीट वेव) का भीषण प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में अगले कुछ दिनों तक लू चलने की चेतावनी दी है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राहत विभाग और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं। सीएम ने विभाग को प्रदेशवासियों को अलर्ट करने एवं हीट स्ट्रोक से बचाव संबंधी सुझाव देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को जागरूक करने के लिए गाइडलाइन जारी की है, जिसमें तेज गर्मी और लू से बचाव संबंधी सुझाव दिये गये हैं। साथ ही विभिन्न पोस्टर और पर्चों के माध्यम से लोगों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जा रही है। प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा



ने बताया कि सीएम योगी ने प्रदेशवासियों को तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में विभाग की ओर से सभी प्रदेशवासियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए कई जरूरी सुझाव दिए गये हैं। प्रदेशवासियों को सलाह दी गई है कि बाहर निकलते समय शरीर को ढक कर रखें, हल्के रंग के आरामदायक कपड़े पहनें और धूप में छाता या चश्मा जरूर लगाएं। लगातार तरल पदार्थों का सेवन करते रहें जैसे नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी आदि। घरों और कार्यस्थलों पर पर्दों या शेड का प्रबंध करें ताकि सीधे सूर्य की किरणें अंदर न आएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। वहीं दूसरी ओर यह चेतावनी भी दी है कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचें। खाली पेट, अधिक प्रोटीन या बासी भोजन का सेवन न करें। धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों या जानवरों को अकेला न छोड़ें। शराब, चाय, कॉफी, काबोर्नेटेड ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें। योगी सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ने हीट वेव से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को भी पोस्टरों के माध्यम से साझा किया है। इनमें शरीर का तापमान 40 ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पाक के लिए जासूसी के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा की एक यूट्यूबर को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के हिसार की रहने वाली और ट्रैवल विद जेओ नाम से यूट्यूब चैनल संचालित करने वाली ज्योति मल्होत्रा को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अदालत ने उसे पांच



दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। ज्योति के यूट्यूब चैनल पर 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं। वह दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में काम करने वाले एक पाकिस्तानी कर्मचारी से कथित तौर पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अयोध्या के पर्यटकों को मिली पार्किंग की सौगात

## अयोध्या में साढ़े आठ करोड़ में 14 हजार वर्गमीटर में तैयार हुई आधुनिक पार्किंग

विशेष संवाददाता (vol)

- 150 से अधिक कार के लिए बने हैं ब्लॉक, ईवी स्टेशन भी बना
- बड़ी संख्या में खड़ी हो सकेंगी मोटरसाइकिलें
- योगी सरकार के निर्देश पर जेल के पीछे बनी है पार्किंग



**लखनऊ/अयोध्या।** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला कारागार के पीछे 14 हजार स्क्वायर मीटर के विशाल क्षेत्र में साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पार्किंग का निर्माण कराया है। नगर निगम द्वारा तैयार इस पार्किंग में 48 बड़े वाहन, 150 से अधिक चार पहिया वाहन और बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल खड़ी हो सकेंगी। यह सुविधा न केवल वाहनों की पार्किंग को सुगम बनाएगी, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी।

योगी सरकार में अयोध्या अब वैश्विक स्तर पर धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। यहां हर दिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। राम मंदिर के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने इस पार्किंग को प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराया है। यह पार्किंग शहर की भीड़भाड़ को कम करने और यातायात को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पार्किंग में विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। यहां पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं। यह सुविधा पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देगी और उन पर्यटकों के लिए लाभकारी होगी जो इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हैं। पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है। पार्किंग को पर्यटकों के लिए आकर्षक भी बनाया गया है। जिला कारागार की दीवारों को रंग-बिरंगी पेंटिंग्स से सजाया गया है, जिनमें रामायण के दृश्यए अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व को दशार्या गया है। इन दीवारों के पास पहुंच पेंटिंग के साथ सेल्फी ले सकेंगे।

अयोध्या में पहले पार्किंग की कमी के कारण पर्यटकों को अपने वाहन सड़कों पर या असुरक्षित स्थानों पर खड़े करने पड़ते थे, जिससे यातायात जाम और असुविधा की स्थिति उत्पन्न होती थी। इस नई पार्किंग के बनने से न केवल पर्यटकों को राहत मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी यातायात व्यवस्था सुगम होगी। रायबरेली, प्रयागराज व अम्बेडकनगर से हाईवे होकर नाका में प्रवेश करने के बाद मकबरा से ओवर ब्रिज होकर पार्किंग स्थल पर पहुंचा जा सकेगा। पार्किंग स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओ की व्यवस्था की गई है।

नगर निगम निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा ने बताया पार्किंग स्थल की सतह आरसीसी से बनी है। शौचालय के भी प्रबंध हैं। बूम बैरियर इत्यादि लगना है। स्टैंड के चार्ज के लिए जल्द टेंडर निकाला जाएगा।

## सपा की जातिगत टिप्पणी पर रालोद ने की निंदा

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव द्वारा भारतीय सेना पर की गयी टिप्पणी की घोर निंदा एवं भर्त्सना करते हुए रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि भारत की सेना विश्व की सर्वोच्च सेनाओं में से एक है जिसमें सभी भारतीय है और भारतीय सेना को जाति में बांटना दुखद एवं निंदनीय है यह कृत्य उनके राजनीतिक स्वार्थ को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति चाहे वह किसी भी दल या संगठन का हो, को सेना पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए और खासतौर से सपा महासचिव जो कि प्रोफेसर भी है जो पढे लिखे की श्रेणी में सर्वोत्तम आता है उनके द्वारा इस तरह का कृत्य अपेक्षा के विपरीत है। उन्होंने कहा कि प्रो. रामगोपाल यादव को देश एवं देश की सेना से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा भारत की वीरांगना बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गयी टिप्पणी भी अशोभनीय एवं घोर निंदनीय है।

## ग्राम चौपालों में 5 लाख से अधिक समस्याओं का निस्तारण

विशेष संवाददाता (vol)

- अब तक 1 लाख 40 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री के निर्देशो के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1342 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 3180 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 3491 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5821 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 67 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 1 लाख 40 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 92 लाख 62 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और 5 लाख से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# कुकरैल नदी से शीघ्र निकाली जाये गाद

## मुख्य सचिव ने की राज्य गंगा समिति की 15 वीं बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

- जिला गंगा समितियां जिलों में छोटी नदियों के कायाकल्प पर करें ध्यान केंद्रित

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नगर विकास विभाग और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश को कुकरैल नदी के कायाकल्प के लिए गाद निकालने के कार्य शुरू करने की अनुमति के लिए एनएमसीजी को आवश्यक दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव शनिवार को राज्य गंगा समिति, उत्तर प्रदेश की 15वीं बैठक कर रहे थे। बैठक में गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प, संरक्षण और प्रबंधन से संबंधित किये जा रहे मुख्य कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने संबंधित जिला गंगा समितियों को निर्देश दिए कि वे नदियों से गाद और उनके किनारे विरासती कचरे को हटाने के लिए हस्तक्षेप के साथ अपने जिलों में छोटी नदियों के कायाकल्प पर ध्यान केंद्रित करें। प्राथमिकता के तौर पर गोमती, यमुना, आमी, वरुणा, काली ईस्ट, हरनंदी, आदि नदियों पर कार्य प्रारम्भ किया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा सभी सम्बंधित विभागों से समन्वय कर छोटी नदियों के कायाकल्प के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की जाये। यह कार्य कैंपेन मोड में क्रियान्वित की जाये जिसमे समुदाय की भागीदरी सुनिश्चित हो। समिति ने अयोध्या में सरयू-घाघरा नदी पर गुप्तार घाट के समीप एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहल राम अनुभव केंद्र के विकास के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विशेष महत्व दिया। परियोजना को अगले 7 वर्षों के लिए पहले दिए गए अनापत्ति के नवीनीकरण के लिए गंगा प्राधिकरण आदेश, 2016 की धारा 6 (3) के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को अग्रेसित करने की सिफारिश की गई। समिति ने गंगा प्राधिकरण आदेश, 2016 की धारा 6 (1), 6 (2), 6 (3) और 42 के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा एनओसी देने के लिए 18 परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा की और उन्हें एनएमसीजी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र देने की सिफारिश की। इनमें प्रयागराज, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, आगरा और सीतापुर की परियोजनाएं शामिल हैं। परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश डॉ. राज शेखर ने समिति को विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर जानकारी दी। मुख्य सचिव ने इस दिशा में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और सभी प्रस्तुत प्रस्तावो पर स्वीकृति प्रदान की। समिति द्वारा कार्यसूची की सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। राज्य गंगा समिति को महाकुंभ मेला 2025 के दौरान पर्याप्त स्वच्छता बुनियादी ढांचे और आईईसी गतिविधियों को सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों से भी अवगत कराया गया।

## कोई विभाग भ्रष्टाचार से अछूता नहीं : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार में हर विभाग में भारी भ्रष्टाचार और लूट है। भाजपाई जनता के पैसे की लूट कर रहे है। जल जीवन मिशन से लेकर धान, गेंहू खरीद, इन्वेस्ट यूपी और एक्सप्रेस-वे निर्माण तक कहीं कोई विभाग और कार्य भाजपा के भ्रष्टाचार से अछूता नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में हर घर जल को लेकर भाजपा सरकार ने बहुत शोर मचाया। प्रदेश में लोगों के घरों में जल नहीं पहुंचा। लेकिन हर जिले, हर गांव और गली में भ्रष्टाचार साफ दिखाई दे रहा है। जल जीवन मिशन के नाम पर बन रही पानी की टंकियां भाजपाइयों के भ्रष्टाचार के भार को नहीं सह पा रही है। पानी की टंकियां टेस्टिंग के दौरान फट जा रही है। पाइप लाइनें टेंस्टिंग में ही टूट रही है। लखीमपुर खीरी में करोड़ों की लागत से बनी पानी की टंकी ट्रायल में फट गयी। उन्नाव में जल जीवन मिशन की पाइप कई जगह फट गयी। यह तो सिर्फ उदाहरण है। पूरे प्रदेश में यही हाल है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का फव्वारा मुख्यमंत्री जी के जीरो टॉलरेंस की धज्जियां उड़ा रहा है। सरकार के दावों की असलियत सामने आ गयी है। इसी तरह से प्रदेश में धान खरीद में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। सिद्धार्थ नगर जिले समेत कई स्थानों पर बिना धान खरीद के पैसे का बंदरबांट हो गया। प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के नाम पर भी जमकर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चल रहा है। सरकार के करीबी अधिकारी निवेश और इन्सेंटिव के नाम पर कमीशन खा रहे है। यह कमीशन ऊपर से नीचे तक बंटता है। अखिलेश यादव ने कहा कि कमीशन के बंटवारे का झगड़ा हुआ तो सरकार की पूरी पोलपट्टी खुल गयी। भ्रष्टाचार में शामिल आईएएस अधिकारी तक भागे हुए है।

# वर्ष 2030 तक प्रदेश का हरित आवरण 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

- 1 से 7 जुलाई तक चलेगा 35 करोड़ पौधरोपण अभियान
- पौधरोपण की सफलता के लिए 50 करोड़ पौधों की नर्सरी हो तैयार, पौधों में हो विविधता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाने का हमारा लक्ष्य तभी सफल होगा जब वृक्षारोपण जनांदोलन का स्वरूप ले। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 1 से 7 जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान पूरी तैयारीए समन्वय और जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाए। इसके अंतर्गत वर्ष 2025 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्षित अभियान चलेगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दोनों विभागीय मंत्रियों को पौधरोपण अभियान की पूर्व तैयारी की गहन समीक्षा करने और अभियान की सफलता के लिए न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रोपे जाने वाले पौधों में अधिकतम जैव विविधता सुनिश्चित की जाए, फलदार, छायादार, औषधीय और इमारती पौधों का संतुलित समावेश हो। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के सभी लाभार्थियों सहित 'जीरो पॉवर्टी' की श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक परिवार को 'सहजन' का पौधा प्रदान किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक व्यापक 'नदी पुनरोद्धार अभियान' शुरू किया जा रहा है। इसके तहत राज्य की प्रमुख नदियों के दोनों किनारों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही सभी निमार्णाधीन, प्रस्तावित तथा क्रियाशील एक्सप्रेसवे के दोनों ओर की खाली भूमि पर नियोजित वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक सिल्ट की समस्या को गंभीर बताते हुए उनके चैनलाइजेशन की संभावनाओं पर विचार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण के पर्यावरणीय ही नहीं, सामाजिक और आर्थिक पक्षों को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और निर्देश दिए कि इस वृहद अभियान के बहुआयामी प्रभावों का विश्लेषण कराने के लिए आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का सहयोग लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल रोपण नहीं, पौधों की सुरक्षा और पोषण भी हमारी साझा जिम्मेदारी है।

## दलित पक्षधारिता के कारण डिप्टी सीएम से चिढ़ी सपा ने दिया अमर्यादित बयान : डॉ. निर्मल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के खिलाफ सपा द्वारा की गयी अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। डॉ. निर्मल ने कहा कि ब्रजेश पाठक इन दिनों दलित मुद्दों को लेकर काफी मुखर थे और सपा के दलित विरोध का प्रमुखता से जवाब देरहे थे। जब सपा ने आंबेडकर के चेहरे पर अखिलेश का चेहरा लगा कर बाबा साहेब का विरोध किया तो ब्रजेश पाठक ने कहा था वे अंबेडकर वादी हैं और बाबा साहेब का अपमान बर्दास्त नहीं करेंगे। विंग कमांडर ब्योमिका सिंह का जब सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल ने जातीय अपमान किया तो भी पाठक ने सपा को करारा जवाब दिया था, इसी से बौखलाकर सपा ने पाठक के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है।

## 2024-25 में 66,874 मरीजों के इलाज के लिए मुहैया कराये 13.44 अरब रुपये

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास वित्तीय वर्ष 2024-25 में 66,874 ऐसे जरुरतमंद लोग पहुंचे, जिन्होंने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक मदद मांगने वाले हर मरीज व जरुरतमंद की सहायता की और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 66,874 जरुरतमंदों के लिए 13.44 अरब रुपये से अधिक की सहायता मुहैया कराई। केवल कैंसर के ही 7,570 मरीजों को 1.66 अरब रुपये की मदद दी गई, जबकि किडनी के उपचार, किडनी ट्रांसप्लांट और इसके बाद के उपचार के लिए लगभग 1729 मरीजों को 33.12 करोड़ रुपये की चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा अग्निकांड से हुई क्षति, मृतक के आश्रितों, पुत्री के विवाह, शिक्षा आदि के लिए भी प्रशासन की ओर से लोगों को वित्तीय मदद दी गई।

## अयोध्या और वाराणसी के धार्मिक स्थलों पर भी पहुंचेगा 16वें वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** यूपी में पांच जून से शुरू होने वाले अपने दौरे में 16वें वित्त आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल अयोध्या में श्री राम मंदिर और वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम का दौरा भी करेगा। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल पांच जून को लखनऊ पहुंचेगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करेगा। इसके बाद वे वाराणसी जाएंगे, जहां वे नाव की सवारी का आनंद लेंगे और पवित्र गंगा आरती में भाग लेंगे। छह जून को वित्त आयोग का प्रतिनिधिमंडल श्री काशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव मंदिर जाएगा। वे संकट मोचन मंदिर और सारनाथ सहित अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भी दौरा करेंगे।

# 2027 के लिए जमीन पर संगठन मजबूती के लिए जुटे नेता और कार्यकर्ता : अजय राय

## 2027 में प्रदेश में कांग्रेसियों ने लिया सरकार बनाने का संकल्प, कांग्रेस में है भाजपा को सत्ता से बाहर करने की क्षमता : अविनाश पांडे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के गांधी भवन में कांग्रेस ने संगठन की मजबूती के लिए शनिवार को कार्यशाला की, जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश के नेता शामिल हुए और कांग्रेस नेताओं ने 2027 में प्रदेश में सरकार बनाने का संकल्प लिया और संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर प्रत्येक जिले में पार्टी का वार रूम स्थापित करने पर सुझाव रखा गया और राष्ट्रीय नेताओं ने संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे।

संगठन सृजन निर्माण को एक नई दिशा देने के लिए उपस्थित कांग्रेसियों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा जारी उनका वीडियो संदेश सुनाया गया। इसके बाद देश के विकास में कांग्रेस और सरकारों द्वारा किये गये कार्यों एवं निर्णयों पर लघु फिल्म भी पदाधिकारियों को दिखायी गयी। कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव व यूपी प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा हमें अगले 100 दिनों में संगठन सृजन पूर्ण कर लेना है, यहां बैठे हर व्यक्ति पर नेतृत्व ने विश्वास जताया है और आपको अपने समर्पण और कर्मठता से उस पर खरे उतरना है। आपको 5 स्तरीय (जिला, ब्लाक, मंडल, न्याय पंचायत, बूथ) तक संगठन निर्माण कर अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस के गौरवशाली विरासत का संदेश पहुंचाना है और पार्टी की पुनः सत्ता में वापसी करानी है। हमारा कार्यकर्ता 2027 में कांग्रेस सरकार बनाने के लिए तैयार है 2027 का चुनाव हमारे लिए और प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है, जनता भाजपा को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ मुख्य संगठन बल्कि फ्रंटल विभाग एवं प्रकोष्ठों के भी संगठनों को तैयार करना है एवं सभी के बीच में एक समन्वय स्थापित करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल देशहित में एक बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं, जिससे घबराई हुई भाजपा सरकार उन्हें रोकने के लिए लगातार साजिश कर रही है मगर हम सभी कांग्रेसजन प्रतिबद्ध है अपने नेता के साथ इस लड़ाई को लड़ने के लिए। उन्होंने 2027 चुनाव के लिए अभी से सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को जुटने का निर्देश दिया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रिजेंटेशन के जरिए मीडिया के कई पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा और संघ दिन भर फेक न्यूज फैलाता रहता है और अपने हिसाब से नये नरेटिव गढ़ता रहता है।

### सोशल मीडिया जनता तक पहुंचने का सशक्त माध्यम : सुप्रिया श्रीनेत

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया जनता तक अपनी आवाज पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि आप सभी टीवटर, फेशबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यमों से आम जनमानस से जुड़े पार्टी की नीतियों को उन तक पहुंचाये और भाजपा के कुशासन का सच उन्हें बतायें।

### कांग्रेस हमेशा महिला हितों की पक्षधर : अलका लांबा

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन अलका लांबा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही महिला हितों की पक्षधर रही है। हम नारी न्याय के समर्पित पार्टी हैं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को बड़ी सफलता मिली है और पूरे देश में लाखों महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है।

### यूपी अल्पसंख्या का नया चैयरमैन होगा नियुक्त

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 15 दिनों के भीतर अल्पसंख्यक कांग्रेस उत्तर प्रदेश का एक नया चेयरमैन नियुक्त किया जायेगा और 100 दिनों के भीतर विधानसभा स्तर तक अल्पसंख्यक कांग्रेस अपना संगठन खड़ा करेगी।

# इंटरलॉक/नान इंटरलॉक कार्य के कारण सोलह ट्रेनों के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के सानेहवाल-अमृतसर खण्ड पर स्थित जांडियाला स्टेशन पर प्री-नान इंटरलॉक/नान इंटरलॉक कार्य किए जाने हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण/नियंत्रण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत अमृतसर से 06 जून को चलने वाली 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग अमृतसर-ब्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरन तारन-ब्यास के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, एवं 22 जून को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग अमृतसर-ब्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरन तारन-ब्यास के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 06, 07, 08, 09, 10, 11, 14 एवं 23 जून को चलने वाली 14650/14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग अमृतसर-ब्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरन तारन-ब्यास के रास्ते चलायी जायेगी।

अमृतसर से 08 जून को चलने वाली 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग अमृतसर-ब्यास के स्थान पर परिवर्तित मार्ग अमृतसर-तरन तारन-ब्यास के रास्ते चलायी जायेगी। पूर्णिया कोर्ट से 09, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18 एवं 19 जून को चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। जयनगर से 09, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18 एवं 19 जून को चलने वाली 14673/14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी।

न्यू जलपाईगुड़ी से 11 एवं 18 जून को चलने वाली 12407 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। जयनगर से 13, 15 एवं 17 जून को चलने वाली 04651 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। न्यू जलपाईगुड़ी से 13 जून को चलने वाली 04653 न्यू जलपाई गुड़ी-अमृतसर विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग ब्यास- अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी।

कटिहार से 19, 20 एवं 21 जून को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। सहरसा से 22 जून को चलने वाली 15531 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। दसभंगा से 05, 06, 07, 08, 09, 11, 16, 17, एवं 19 जून को चलने वाली 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। लालकुआं से 10 एवं 17 जून को चलने वाली 15016 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी। सहरसा से 06 जून को चलने वाली 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग ब्यास-अमृतसर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग ब्यास-तरन तारन-अमृतसर के रास्ते चलायी जायेगी।

पुनर्निर्धारण/नियंत्रण के तहत अमृतसर से 11 जून को चलने वाली 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस, अमृतसर से 35 मिनट पुनर्निर्धारित कर तथा मार्ग में 25 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। अमृतसर से 21 जून को चलने वाली 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस मार्ग में 25 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

अमृतसर से 22 जून को चलने वाली 22424 अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस, अमृतसर से 20 मिनट पुनर्निर्धारित कर तथा मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। अमृतसर से 22 जून को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस, अमृतसर से 25 मिनट पुनर्निर्धारित कर तथा मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

## पुनर्निर्धारण होकर चलेंगी ट्रेनें

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर रेलवे के दिल्ली-अम्बाला कैंट खण्ड के मध्य करनाल स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल की कमीशनिंग के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

पुनर्निर्धारण के तहत अमृतसर से 20 मई को चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस, अमृतसर से 90 मिनट विलम्ब से पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। यह गाड़ी अमृतसर से 07.40 बजे के स्थान पर 09.10 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 21 मई को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी, अमृतसर से 105 मिनट विलम्ब से पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। यह गाड़ी अमृतसर से 10.55 बजे के स्थान पर 12.40 बजे प्रस्थान करेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत अमृतसर से 21 मई को चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-सहारनपुर-मेरठ सिटी-खुर्जा के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव करनाल, पानीपत, सोनीपत, बादली, आदर्श नगर दिल्ली, सबजी मंडी एवं दिल्ली स्टेशनों पर नही रहेगा।

# संपत्ति के प्रकरण में पैरवी न करने पर बाबू निलम्बित

## उप सचिव को नोटिस, पूर्व में योजना का कार्य देख रहे लिपिक को प्रतिकूल प्रविष्टि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने संपत्ति के एक प्रकरण में प्रभावी पैरवी न करने पर गोमती नगर योजना देख रहे कनिष्ठ लिपिक अशोक कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। वहीं, योजना का काम देख रहे उप सचिव के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।इसके अलावा पूर्व में योजना का कार्य देख रहे बाबू हरिनाम रावत के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए प्रतिकूल प्रवृष्टि दी गयी है।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि गोमती नगर के विनीत खण्ड में स्थित एक सम्पत्ति के मामले में मो नसीम की ओर से प्राधिकरण के विरूद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-2 में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। उक्त प्रकरण में प्राधिकरण की ओर से प्रभावी पैरवी के लिए अधिवक्ता श्रुति साहू को नामित किया गया था। जिसकी सूचना विधि अनुभाग की ओर से गोमती नगर सम्पत्ति के कर्मचारियों को 12 जुलाई.2024 को पत्र के माध्यम से दे दी गयी थी। लेकिन, कर्मचारियों ने सूचना पत्र का कोई संज्ञान नहीं लिया। नतीजा यह हुआ कि किसी ने भी आयोग के समक्ष केस की पैरवी नहीं की और 15 अप्रैल 2025 को आयोग ने प्राधिकरण के विरूद्ध एकपक्षीय निर्णय पारित कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जब इस पूरे मामले में रिपोर्ट तलब की तो कर्मचारियों की यह घोर लापरवाही सामने आयी। इस पर उपाध्यक्ष ने सख्त कार्रवाई करते हुए वर्तमान में योजना का काम देख रहे कनिष्ठ लिपिक अशोक कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। निलम्बन अवधि में अशोक सिंह को अधिष्ठान अनुभाग से सम्बद्ध किया गया है। मामले की विस्तृत जांच कर आरोप पत्र तैयार करने के लिए नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उक्त प्रकरण में संज्ञान में लाया गया कि फरवरी, 2025 तक योजना का कार्य कनिष्ठ लिपिक हरिनाम रावत की ओर से देखा जा रहा था।जिस पर हरिनाम रावत को प्रतिकूल प्रवृष्टि दी गयी है। उपाध्यक्ष ने इस मामले में एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए गोमती नगर सम्पत्ति अनुभाग के उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उपाध्यक्ष ने सम्बंधित अधिकारियों को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-2 के निर्णय के विरूद्ध राज्य आयोग में अपील करने के निर्देश दिये हैं।साथ ही चेतावनी जारी की है कि विधिक प्रकरणों में इस तरह की लापरवाही उजागर होने पर सम्बंधित के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नैक निरीक्षण की तैयारियों का राजभवन टीम ने लिया जायजा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नैक (नैक) मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर राजभवन से आयी टीम ने विश्वविद्यालय परिसर का औपचारिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं आधारभूत संरचना का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण दल का नेतृत्व महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने किया। टीम में शामिल विशिष्ट शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक भवनों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल परिसर एवं प्रशासनिक अनुभागों का गहन अवलोकन किया।इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि यह निरीक्षण न केवल नैक मूल्यांकन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि संस्थान की सतत गुणवत्ता संवर्धन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी है।उन्होंने निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों, शैक्षणिक नवाचारों एवं भावी योजनाओं की जानकारी साझा की। निरीक्षण के दौरान ही लाइव स्टीमिंग की टीम के द्वारा भी लिंक्स की टेस्टिंग की गयी।निरीक्षण के दौरान दल ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर संस्थान के कार्यप्रणाली की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की।

# महापौर सुषमा खर्कवाल बनी ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की महासचिव

## राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ को मिला गौरव, एआईसीएम ने नियुक्ति पत्र जारी किया

विशेष संवाददाता (vol)



महासचिव पद पर नियुक्ति के बाद श्रीमती खर्कवाल ने कहा, ह्ययह मेरे लिए सम्मान की बात है।मुझे जिस विश्वास और जिम्मेदारी के साथ यह पद सौंपा गया है, मैं उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी।यह लखनऊ के नागरिकों की जीत है, जिनके विश्वास और सहयोग से मैं यहां तक पहुंची हूं।
**–सुषमा खर्कवाल**, मेयर, लखनऊ नगर निगम

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल को एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें देशभर के महापौरों के संगठन ह्यऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्सह्ल (एआईसीएम) का महासचिव नियुक्त किया गया है।

एआईसीएम की ओर से श्रीमती खर्कवाल की कार्यकुशलता, निष्ठा और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए कहा है कि संगठन को उन पर पूरा भरोसा है। एआईसीएम ने विश्वास जताया कि श्रीमती खर्कवाल अपने कर्तव्यों का निर्वहन उच्चतम स्तर की व्यावसायिकता और जिम्मेदारी के साथ करेंगी। एआईसीएम के सचिव ने श्रीमती खर्कवाल का संगठन में स्वागत करते हुए उनके बहुमूल्य योगदान की अपेक्षा जताई है।श्रीमती सुषमा खर्कवाल की नियुक्ति पर लखनऊ नगर निगम के पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्ष जताया है। कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने कहा कि शहर के लिए यह गौरव की बात है। इससे न केवल नगर निगम के कार्यों को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है, बल्कि नगर प्रशासन में महिला नेतृत्व की भूमिका को भी मजबूती मिली है।

ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स एक पंजीकृत संगठन है जो देशभर के महापौरों को एक साझा मंच प्रदान करता है। यह संगठन नगरीय विकास, शहरी प्रशासन, नीति-निर्माण और नगर निगमों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है। श्रीमती खर्कवाल की नियुक्ति से न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है। नगर निगम के अधिकारियों और शहरवासियों ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# सीएम ग्रिड निर्माण कार्य में तोड़ी सीवर लाइन, प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

- रजनी खंड में जल कल विभाग ने शुरू किया मरम्मत

**लखनऊ।** राजधानी के रजनी खंड वार्ड अंतर्गत शारदा नगर क्षेत्र में शनिवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब पावर हाउस के पास चल रहे सीएम ग्रिड निर्माण कार्य के कारण सीवर लाइनें अवरुद्ध हो गईं। इससे मोहल्ले के लोगों को घरों के बाहर गंदे पानी का जमाव और बदबू का सामना करना पड़ा। असुविधा से आक्रोशित होकर स्थानीय नागरिकों ने रजनी खंड सेक्टर-8 की मुख्य सड़क को जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जैसे ही इस समस्या की सूचना जलकल विभाग को प्राप्त हुई, विभाग ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अपनी टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया। जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव और नगर निगम की कनिष्ठ अभियंता दीक्षा स्वयं मौके पर पहुंचे और स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उन्हें आश्वस्त किया कि सीवर की समस्या के समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू की जा रही है। सचिन सिंह यादव ने बताया कि यह स्थिति सीएम ग्रिड निर्माण कार्य के दौरान निर्माण एजेंसी की ओर से की गई खुदाई के कारण उत्पन्न हुई, जिससे सीवर लाइन में मलबा भर गया था। शिकायत प्राप्त होते ही जलकल विभाग और नगर निगम की टीम ने समन्वय से कार्यवाही शुरू कर दी।क्षेत्र में लगे जलभराव को डीजल इंजन पंप की सहायता से निकाला गया और सक्शन मशीन से अवरुद्ध सीवर लाइनों की सफाई कराई गई।

इसके साथ ही जल आपूर्ति व्यवस्था को पुनः दुरुस्त करने के लिए पाइपलाइन की वाशिंग की गई जिससे स्थानीय नागरिकों को साफ और सुरक्षित पेयजल मिलना शुरू हो गया। विभागीय प्रयासों से मोहल्ले में सामान्य स्थिति बहाल हुई।स्थानीय नागरिकों ने अधिकारियों के आश्वासन और सक्रियता पर विश्वास जताते हुए प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# भाषा विवि में डॉक्टर और नर्स की तैनाती

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में छात्र-कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एक नई पहल की गयी है।कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन और प्रयासों से विश्वविद्यालय के फैसिलिटी सेंटर में हिन्द मेडिकल कॉलेज की ओर से एक डॉक्टर और एक नर्स की नियमित तैनाती सुनिश्चित की गयी है।यह चिकित्सा सुविधा प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क दवाईयां भी वितरित किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और पोषण की जरूरतों की बेहतर देखभाल हो सकेगी।इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि छात्रों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उनकी अकादमिक प्रगति।यह पहल इसी सोच का हिस्सा है, जिससे छात्रों को एक सुरक्षित और स्वास्थ्य-संपन्न वातावरण मिल सके।

# पैमाइश नहीं करने पर राजस्व निरीक्षक हटाये गये

## सरोजनीनगर में जिलाधिकारी ने किया 45 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। सरोजनीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 143 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 45 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया।शेष प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें।उन्होंने बताया कि आज के सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 50 में से 11 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 81 में से 12 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 109 में से 25 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 168 में से 22 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 143 में से 45 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये।आज जनपद में पुलिस 78, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 4, राजस्व 301, विकास 34, शिक्षा 1, स्वास्थ्य 1, समाज कल्याण 11, नगर निगम 2 तथा अन्य 119 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। सामाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता जियालाल निवासी ग्राम ऐन द्वारा प्रार्थना पत्र राजस्व निरीक्षक अमावा द्वारा मेडबंदी के आदेश का अनुपालन न कराए जाने के संबंध में प्रस्तुत किया गया।जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा राजस्व निरीक्षक अमावा के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने एवं मध्यावधि प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में पाया गया कि राजस्व निरीक्षक अमावा द्वारा पैमाईश के प्रकरण के निस्तारण में लापरवाही बरती गई है, जिसके दृष्टिगत उन्हें तत्काल प्रभाव से तहसील सरोजनीनगर से हटाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही एक अन्य शिकायत जो नगर पंचायत बंथरा से संबंधित थी जिसमें रास्ते के बीच में खड़े सूखे ताड़ के पेड़ को काटे जाने की शिकायत की गई। जिसके निस्तारण 6 माह तक न होने के दृष्टिगत ईओ बंथरा का वेतन प्रकरण का निस्तारण जब तक न हो तब तक बाधित करने के निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती श्री राकेश सिंह, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी तहसील सरोजनीनगर डॉ सचिन वर्मा, तहसीलदार सरोजनीनगर, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला

**लखनऊ।** ठाकुरगंज के गऊघाट उपकेन्द्र के तहत विभिन्न क्षेत्रों में बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।जिसमें जेई दुर्गेश चन्द्र ने जैसे ही जांच शुरू किया तो कुछ लोग मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। जेई ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।जिसे कुछ लोगो ने नही माना और हंगामा करने लगे।कुछ लोगो का कहना है कि बिजली संविदाकर्मी जांच के नाम पर अवैध तरीके से घर में घुस जाते है और घर में रखे समान को चोरी कर लेते है जिसके वजह से पुछताछ किया जा रहा है।ऐसे में कुछ क्षेत्रिय नेता भी बिजली चोरी अभियान को बंद करने के लिए कहने लगे।ऐसे में लगभग 20 से अधिक उपभोक्ताओं को चोरी में पकड़े जाने को बताया गया है। चोरी पकड़ में आते ही लोग हंगामा करते हुए संविदा कर्मचारियों को पकड़ कर मारने लगे।मामला बढ़ते देख विभाग के अधिकारियों ने पुलिस बुला लिया।ऐसे में देर रात बिजली विभाग के तरफ से पुलिस को तहरीर दिया गया। ठाकुरगंज थाना प्रभारी ने बताया तहरीर मिला है जांच कर रिपोर्ट दर्ज किया जायेगा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल प्रमुख शैलेन्द्र कुमार सिंह ने संभाला पदभार



**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि शैलेन्द्र कुमार सिंह ने लखनऊ अंचल के नए अंचल प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। बैंकिंग क्षेत्र में 27 वर्षों का विशाल अनुभव प्राप्त है। उन्होंने बैंक के विभिन्न विभागों और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें शाखा प्रमुख, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा युगांडा लिमिटेड में कार्यभार तथा मुख्यालय स्थित ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग विभाग में वरिष्ठ पदों पर कार्य शामिल है।ग्राहकों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले तेजी से सेवा निष्पादन,व्यवसाय के साथ पूर्ण अनुपालन, तथा ग्राहक शिकायतों के प्रति शून्य सहिष्णुता के सिद्धांतों पर कार्य करते हैं। उनकी नेतृत्वशैली रणनीतिक सोच, अनुशासित संचालन और वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

# सेंट जोसेफ कॉलेज के मेधावी हुए सम्मानित

## सेंट जोसेफ के बच्चे बहुमुखी प्रतिभा के धनी : विनोद कुमार शाही

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आईसीएसई व आईएससी कक्षा 10 व 12 के 2025 घोषित परीक्षा परिणामों में सेंट जोसेफ समूह के मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया।सीतापुर रोड स्थित सेंट जोसेफ विद्यालय ने ज्ञान स्मृति सभागार में मेधावियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में एडिशनल एडवोकेट जनरल विनोद कुमार शाही थे। उन्होनें मेधावियों को शील्ड, ट्राफी, मेडल्स और प्रमाण-पत्र आदि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत सेंट जोसेफ विद्यालय समूह लखनऊ के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने बुके, मोमेंटो देकर किया। आईएससी कक्षा 12 में जाह्नवी तिवारी ने 99 प्रतिशत अंक लेकर ऑल इंडिया रैंक में चौथा स्थान प्राप्त किया।जिसके लिए विद्यालय प्रबंध तंत्र ने उसे प्रोत्साहन के लिए 51,000/- का नकद चेक दिया। वहीं, आकांक्षा सिंह 98.25 प्रतिशत व शुभी यादव ने 98.00 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। सेंट जोसेफ सीतापुर रोड शाखा की कक्षा 10 श्रेष्ठता सूची में प्रथम स्थान पर युवराज सिंह जिनको 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। वही मोहम्मद उरूज 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे नंबर पर, आर्यन दीक्षित 96.00 और आरुषि राजपूत 95.80 व अनन्या सिंह ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मोहम्मद उरूज ने 96.60 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया और स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब हासिल किया। विनोद कुमार शाही ने कहा कि ये परीक्षा परिणाम छात्रों के अथक परिश्रम का परिणाम है।उन्होनें शानदार परीक्षा परिणाम के लिये शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि यह संस्था पढ़ाई के साथ बच्चों को संस्कारवान भी बना रहा है जिससे वो आगे चल कर एक संस्कारिक समाज का निर्माण कर सके। इसके लिए उन्होंने विद्यालय प्रबंध तंत्र को बधाई दी।इस अवसर पर सीतापुर रोड शाखा की प्रधानाचार्या अमिता सिंह प्रशासनिक अधिकारी पल्लवी उपाध्याय, रुचि खंड शाखा की प्रधानाचार्या चारु खरबंदा, सीनियर विंग कोऑर्डिनेटर डॉ नीलू गुप्ता और अन्य शिक्षक गण छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी से राहत देंगे जोनवार कूलिंग पॉइंट, मिलेगा ओआरएस और ग्लूकोज

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** शहर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने विभिन्न जोनों में कूलिंग पॉइंट स्थापित करने की योजना शुरू की है।इन कूलिंग पॉइंट्स पर छांव, पंखे और ठंडे पेयजल की व्यवस्था की जा रही है ताकि आमजन को कुछ समय के लिए राहत मिल सके।महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर और नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश अनुसार नगर निगम ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।इन प्रयासों का उद्देश्य नागरिकों को लू, डीहाईड्रेशन और गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाना है।इसी क्रम में शहर में स्थित 25 रैनबसेरों के बाहर पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है ताकि वहां ठहरने वाले और राहगीर दोनों ही शुद्ध जल प्राप्त कर सकें।

गर्मी से राहत के लिए जलकल विभाग भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जीएम जलकल कुलदीप सिंह ने बताया कि विभाग ने शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर कैनोपी लगाकर घड़े रखे गए हैं, जिनमें नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल भरा जा रहा है। यह व्यवस्था राहगीरों, मजदूरों और साइकिल व रिक्शा चालकों के लिए बहुत सहायक साबित हो रही है। गर्मी के इस कठिन मौसम में जलकल विभाग की यह पहल लोगों को राहत पहुंचा रही है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम को भी कम कर रही है। जोन-1 में 1090 चौराहे पर कूलिंग पॉइंट तैयार किया जा रहा है।इस स्थान पर विशेष रूप से ओआरएस, ग्लूकोज और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की जा रही है ताकि डीहाईड्रेशन, चक्कर और लू लगने की स्थिति में तत्काल सहायता प्रदान की जा सके।इसके साथ ही शहर में बने 25 रैनबसेरों में भी कूलिंग पॉइंट स्थापित किया गया है। अधिकारियों की ओर से निरंतर निगरानी की जा रही है कि इन स्थलों पर पेयजल की उपलब्धता बनी रहे और साफ-सफाई में कोई कोताही न हो।

# एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के प्रथम चरण की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गयी। पहले दिन विभिन्न केंद्रों पर करीब 64 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।इस दौरान जांच में 19 परीक्षार्थियों को नकल करते हुए पकड़ा गया। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 134 केंद्र बनाये गये हैं।परीक्षा में करीब एक लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर परीक्षा केंद्र पर शुचिता बनाये रखने के लिए पर्यवेक्षकों की भी ड्यूटी लगायी गयी है।

# वेंडरमीट में दी गयी रेलवे में आपूर्ति की जानकारी



**लखनऊ।** गुणवत्ताआश्वासन निदेशालय/मुंबई, आरडीएसओ की हैदराबाद इकाई ने 15 मई को कोयंबटूर के कोडिसिया ट्रेड फेयर कॉम्प्लेक्स में एक वेंडरमीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम कोयंबटूर जिला लघु उद्योग संघ (कोडिसिया) के समन्वय में आयोजित किया गया। वेंडरमीट को सुबकॉम 2025 इंडस्ट्रियलफेयर (14 से 16 मई) के साथ-साथ आयोजित किया गया ताकि अधिकतम औद्योगिक सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।इस कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 75 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संजय कुमार शर्मा कार्यकारी निदेशक/क्यूएएम/मुंबई ने रेलवे की खरीद प्रक्रिया, विक्रेता पंजीकरण एवं आईआरईपीएस वेबसाइट पर स्वीकृति प्रक्रियाओं पर जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने भारतीय रेलवे के साथ मिलकर कार्य करने के अवसरों पर जोर दिया तथा पंजीकरण और खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु हाल ही में शुरू की गई डिजिटलपहलों को भी उजागर किया। सत्र का समापन एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान किया गया। यह पहल स्थानीय उद्योगों को भारतीय रेलवे की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती है और इसे सभी उपस्थितजनों द्वारा सराहा गया।

# दूषित जल आने से स्थानीय निवासियों का फूटा गुस्सा



**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम जोन आठ के शारदा नगर योजना रजनीखंड में सौंदर्यकरण के दौरान पाइप लाइने फट गई और लोगों के घरों में दूषित गंदा पानी सप्लाई होने लगा जिसको लेकर स्थानीय निवासियों ने शनिवार सुबह अपने हाथों में दूषित जल से भरा बोतल ले सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया और जोनल अधिकारी मुदार्बाद के जमकर नारे लगाए। लोगों का कहना था ठेकेदारों ने चारों तरफ से नाले तोड़फोड़ दिए है मलबा सड़कों पर बिखर पड़ा है उनके घरों में कई दिनों से गंदा पानी आ रहा है जिसे जानवर भी न पिए ।जिससे लोगों में नगर निगम के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो चुका है इस प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने करीब दो घंटे तक सड़क भी जाम कर दिया था जिसके बाद फोन पर ही नगर आयुक्त को इस प्रदर्शन की जानकारी दी गई । नगर आयुक्त ने जल्द इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और प्रदर्शन को समाप्त किए। प्रदर्शन के दौरान अनुज शुक्ला, चुनमुन शुक्ला, दीपक अग्रवाल, मंजु कश्यप, सुनीता शुक्ला, महेंद्र गौतम, आशीष द्विवेदी, अंकुर आनंद सहित कई लोग शामिल हुए।

# रोजगार मेले में 35 अभ्यर्थी चयनित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्रशिक्षार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में कुल 39 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 38 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए अर्ह पाए गए और अंततः 35 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। राजकीय आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि कम्पनी के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को अवसर देने का अनुरोध किया गया था।

# ऐस्ट्रोनॉमिकल पवेलियन से खगोलीय नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक

## जनेश्वर मिश्र पार्क में 10 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा मिनी स्टेडियम, बैठक में कई परियोजनाओं को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र पार्क में ऐस्ट्रोनॉमिकल पवेलियन बनेगा, जहां से लोग खगोलीय नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे।इसके अलावा 10 करोड़ रुपए की लागत से मिनी स्टेडियम व 5 करोड़ रुपए से देश का सबसे बड़ा रोज गार्डेन विकसित किया जाएगा।प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग पी0 गुरू प्रसाद की अध्यक्षता में हुयी जनेश्वर मिश्र पार्क समिति की बोर्ड बैठक में कई परियोजनाओं को मंजूरी मिल गयी है।लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में 10 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 20 एकड़ क्षेत्रफ ल में मिनी स्टेडियम विकसित किया जाएगा, जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।इसमें मिनी क्रिकेट स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, फुटबॉल, स्केटिंग रिंक कोर्ट आदि विकसित किये जाएंगे। पीपीपी मोड पर विकसित व संचालित होने वाले इस प्रोजेक्ट से पार्क समिति को प्रतिवर्ष 35 लाख रुपए की न्यूनतम आय होगी।इसी तरह गेट नंबर 6 के पास 435 मीटर लंबाई में सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक बनाया जा रहा, जिसमें 1 करोड़ 62 बासठ लाख रुपए का खर्च आएगा।वहीं 1 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से चिल्ड्रेन प्ले एरिया में रबर पैड का कार्य कराया जाएगा। साथ ही गेट नंबर 4 से 6 के बीच साउंड सिस्टम की आपूर्ति व स्थापना का काम कराया जाना है, जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त जनेश्वर मिश्र पार्क स्थित ए फ ीथियेटर एरिया में ऐस्ट्रोनॉमिकल ऑबजरवेटरी पवेलियन विकसित किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि इसके लिए काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर डिजाइन व प्रारूप तैयार किया जा रहा है।यहां एक एलिवेटेड प्लेटफ ार्म बनाया जाएगा जोकि टेन्साइल स्ट्रक्चर से कवर्ड होगा।इसमें अत्याधुनिक टेलीस्कोप लगाये जाएंगे, जिसके माध्यम से बच्चों समेत हर वर्ग के लोग खगोलीय नजारों का लुत्फ उठा सकेंगे। यहां एक मिनी यूजियम भी बनाया जाएगा, जिसमें पुराने टेलीस्कोप व खगोलीय विषय स बंधी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी।इस परियोजना में लगभग 2 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसके लिए आरएफ पी तैयार की जा रही है।

■ **देश का सबसे बड़ा रोज गार्डेन बनेगा :** एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि जनेश्वर मिश्र पार्क में वॉटर बॉडी के किनारे रोज गार्डेन विकसित किया गया है।अब इसके लेआउट को प्लान करते हुए रोज गार्डेन का विस्तार किया जाएगा।यहां गुलाब की 2369 प्रजातियों के पौधे लगाये जाएंगे, जिससे यह देश का सबसे बड़ा रोज गार्डेन बनेगा।इसके लिए पार्क समिति ने 5 करोड़ रुपए की धनराशि से औद्यानिकीकरण, विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की है।इसके अलावा पार्क में जल्द ही एडवेन्चर स्पोर्ट्स शुरू किया जाएगा, जिसके लिए आरएफ पी के माध्यम से सेवा प्रदाता एजेंसी का चयन कर लिया गया है।इसके अंतर्गत जिप लाइन, मिरर मेज, हाई रोप साईकिलिंग, शूटिंग रेंज आदि गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

# लविवि ने वैश्विक अकादमिक जगत में नया कीर्तिमान किया स्थापित

**लखनऊ।** लविवि ने वैश्विक अकादमिक क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसमें विश्वभर से 2379 विदेशी छात्रों ने रुचि दिखाई है, जो अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है।विश्वविद्यालय को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के माध्यम से 2153 आवेदन प्राप्त हुए हैं, स्टडी इन इंडिया और ईडीसीआईएल कार्यक्रमों के तहत 176 तक आवेदन प्राप्त हुए हैं, और 50 आवेदक सीधे प्रवेश के अंतर्गत रुचि रखते हैं। आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जून के अंत तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 1769 आवेदन प्राप्त हुए, 2023-2024 सत्र में 1365 आवेदन, और 2022-2023 में 814 आवेदन मिले।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# गृहकलह के चलते अधिवक्ता इंदिरा नहर में कूदा

## रिश्तेदार का मिला शव, अधिवक्ता की तलाश में गोताखोर और स्थानीय पुलिस जुटी



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारिवारिक कलह के कारण एक अधिवक्ता रात 10.10 बजे घर से निकला। घर और रिश्तेदारों को फोन कर बताया कि मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। वह रात में चिनहट कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा डैम के पास पहुंचा। जब तक उसके साथी उसे बचाने के लिए पहुंचे। वह नहर में कूद गया। अधिवक्ता के साथ रहने वाला उसका एक रिश्तेदार भी उसे बचाने के लिए नहर में कूद गया। कुछ देर बाद नहर के तेज बहाव में दोनों लापता हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश शुरू की। शनिवार की दोपहर अधिवक्ता को बचाने के लिए कूदे रिश्तेदार के शव को नहर से बरामद किया गया। वहीं अधिवक्ता की तलाश जारी है।

मूल रूप से ग्राम नवादा गोपालपुर थाना मधुबन मऊ के रहने वाले अनुपम तिवारी पुत्र जितेंद्र तिवारी पेशे से अधिवक्ता थे। अनुपम एमिटी यूनिवर्सिटी के पीछे एक कालोनी में अपनी पत्नी टोनी शुक्ला, बेटी सानिया और 10 माह के बेटे के साथ रहते हैं। शुक्रवार की रात उनकी पत्नी की तबीयत नासाज होने पर वह दवा लेने गए थे। मिली जानकारी के अनुसार रात 10 बजे वह दवा लेकर जब घर लौटे तो वह शराब पी रखे थे। इस बात को लेकर पत्नी के साथ उनका विवाद हुआ। रात 10.10 बजे वह घर से बाहर निकले। अपने कई रिश्तेदारों परिचित को उसने फोन किया। बताया कि पत्नी से अक्सर विवाद होने के कारण मैं सुसाइड करने जा रहा हूं। अनुपम के साथ मूल रूप से ग्राम मोहम्मदपुर थाना मधुबन जिला मऊ का रहने वाला शिवम उपाध्याय (20) भी रहता था। शिवम भी अनुपम के पीछे निकला। फोन पर सुसाइड की जानकारी देने पर उनका साथी अभिषेक सिंह भी अपनी मोटरसाइकिल से इंदिरा डैम की ओर पहुंचे। अभिषेक और शिवम को देखते ही अनुपम इंदिरा नहर में कूद गया। अनुपम जब डूबने लगा तो शिवम उसे बचाने के लिए नहर में कूदा। कुछ ही देर में दोनों नहर के तेज बहाव में बहने लगे। इस बीच अभिषेक सिंह ने पुलिस कंट्रोल रुम को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चन्द्र मिश्रा, एसीपी विभूतिखण्ड मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर की मदद से देर रात नहर में दोनो की तलाश की गई लेकिन अंधेरा होने के कारण किसी का भी पता नहीं चल पाया। शनिवार की दोपहर एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोर ने शिवम उपाध्याय (20) का शव नहर से बरामद किया। वहीं अधिवक्ता अनुपम की तलाश जारी है।

## हाई स्कूल फेल होने के बाद छात्र लापता

लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में एक छात्र हाई स्कूल में कम नंबर आने के कारण फेल हो गया। जिसको लेकर अचानक घर से बिन बताइए लापता हो गया। परिजनों ने काफी इधर-उधर खोजबीन की। ना पता चलने पर सरोजिनी नगर थाने में गुमसुदगी दर्ज कराई।

सरोजनीनगर के गिन्दन खेड़ा, अमौसी निवासी रंजीत सिंह का पुत्त शिवान्सु सिंह हाई स्कूल का छात्र है। जो कि रिजल्ट आने पर वह दो विषयों में फेल हो गया। शिवान्सु विष्णु पुरी चुंगी स्थित रेड रोज स्कूल में हाई स्कूल का छात्र था। हाई स्कूल का रिजल्ट 13-मई को आया तो वह दो विषयों में फेल हो गया। उसके फेल होने की जानकारी जब हुई तो जिसे लेकर उसको समझाया कि ऐसे पढ़ोगे तो भविष्य में कैसे क्या करोगे। वह कुछ नहीं बोला और रात में खाना खाकर सो गया। अगली सुबह 10:30 बजे तक वह घर पर रहा परन्तु कुछ समय बाद वह नहीं दिखा तो सोचा कहीं घर के बाहर गया होगा। परन्तु जब चार घंटे बीतने पर भी नहीं दिखा तो उसका कहीं अता-पता नहीं चला। घर से जाते समय अपनी माता का मोबाइल साथ में लेकर गया था। जिस पर फोन करने पर घंटी तो जा रही लेकिन वह फोन को रिसीव नहीं कर रहा है। शिवांशु को संभावित जगह ढूंढने के बाद भी उसका कहीं अता-पता नहीं चलने से शिवांशु के न मिलने पर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पर रंजीत ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सैयद सालार मसूद गाजी दरगाह पर उर्स की अनुमति नहीं

- पारम्परिक क्रियाकलाप चलते रहेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बहराइच के सैयद सालार मसूद गाजी की दरगाह पर सालाना लगने वाले उर्स जिसे जेठ मेला भी कहा जाता है, की जिलाधिकारी द्वारा अनुमति न देने के आदेश में हस्तक्षेप से फिलहाल इनकार कर दिया है।

हालांकि न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि दरगाह में पारंपरिक क्रियाकलाप चलते रहेंगे व राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान देगी व संबंध में कमेटी का सहयोग लेगी। न्यायालय ने उक्त विवाद पर अपना निर्णय भी सुरक्षित कर लिया है जिसे बाद में सुनाया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की विशेष पीठ ने वक्फ नंबर 19 दरगाह शरीफ, बहराइच व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने उपरोक्त अंतरिम आदेश राज्य सरकार की ओर से पेश अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी की सहमति पर पारित किया। याचियों की ओर से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल करते हुए शनिवार के दिन विशेष पीठ का गठन कर सुनवाई करने का अनुरोध किया गया था, जिसके बाद विशेष पीठ का गठन किया गया।

लगभग 3 घंटे तक चली याचियो और राज्य सरकार की बहस सुनने के उपरांत परित अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि जेठ मेला में होने वाली सांस्कृतिक व व्यावसायिक गतिविधियों को देखते हुए प्रथम दृष्टया हम जिलाधिकारी द्वारा अनुमति न देने संबंधी आदेश में हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझते हैं। न्यायालय ने दरगाह कमेटी को यह भी आदेश दिया है कि कमेटी इस बात का ध्यान रखे कि वहां इतनी भीड़ न इकट्ठा हो जिससे भगदड़ या अन्य किसी अनहोनी की आशंका बढ़े।

## 31 मई को होगा लूटा का चुनाव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर बिगुल बज चुका है। यह चुनाव 31 मई को होगा। इसकी जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि 19 मई को वोटर लिस्ट प्रदर्शित की जायेगी, जिसमें कोई सुधार होगा तो वह 21 मई की शाम 5 तक लिया जायेगा। 22 मई को फाइनल वोटर लिस्ट प्रदर्शित की जायेगी। 24 मई को संघ के विभिन्न पदों के लिए दावेदार सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन करेंगे। 25 मई को 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन वापसी करेंगे। 25 को ही शाम 5 बजे दावेदारों की अंतिम सूची जारी की जायेगी। 31 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोटिंग होगी और इसी दिन विजयी हुए प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी।

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मै रामरूप पुत्र ननकऊ निण ग्राम पूरे लोहांगी मजरे दक्खिन गांव क्यार थाना शुकुल बाजार तहसील मुसाफिरखानाए जनपद अमेठी का निवासी हूं मैं अपने पुत्र वीरेंद्र को उसके गलत आचरण व नशे का आदि होने के कारण अपनी सम्पूर्ण चल.अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी गलत कार्य का मैं तथा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**Notice**

We Vandana Tiwari W/o Mr. Kamlesh Kumar Tiwari and Kamlesh Kumar Tiwari S/o Mr. Devendra Nath Tiwari, Both R/O- 514 Balaji Nagar, Hitech Hospital, P.O. Danapur Cantt., Patna – Bihar - 801503 - India, My Original Agreement Customer Copy (B.B.A. Copy), Against Customer Id-OMCF/107 respectively issued by OMAXE GARV BUILDTECH PRIVATE LIMITED is misplaced somewhere. Any person who finds it please return it to zonal office of Omaxe Garv Buildtech Pvt. Ltd. at Omaxe Garv Buildtech Pvt. Ltd., Cyber tower 2nd floor, TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow Or Call on No- 9935092305.

**न्यायालय सूचना**

न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश महोदय उन्नाव
समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
वाद सं.-348/24
धारा-8-H.M. (सूचना काबिल फरोख्त)
पि. पेशी-03.04.25
पेशी-03.07.25
नम्बर मुकदमा बअदालत
हरिश्चन्द्र बनाम रोशनी मुद्दई
साकिन नि. धनाखेड़ा, थाना-अचलगंज
जिला-उन्नाव मुद्दाअलेह

हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03 माह 07 सन 25 ई. बवक्त बजे दिन के अमालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उसूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्सही की जी जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा जो करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्ताबेज पेश करे जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदबाल कराना चाहते हो।

आपकी इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूह फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख माह सन ई. जारी किया गया।

जज

# सपा के एक्स पर ब्रजेश पाठक पर अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

- भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा, जाँच शुरू
- टिप्पणी से गुस्साए बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का फूंका पुतला

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया एक्स हैडिल से डिप्टी सीएम पर गंभीर टिपण्णी करने को लेकर हजरतगंज में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है। हजरतगंज थाने की पुलिस नें यह मुकदमा भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की तहरीर पर दर्ज किया है। इसके साथ इस टिप्पणी से भारतीया जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने हजरतगंज चौरहो पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला फूंका और नारे बाजी की। इस दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थित संभाली और मामला शांत कराया।

आनंद द्विवेदी नें प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज को दिये गये अपने शिकायती पत्र में कहा है कि दिनांक 16 मई को समाजवादी पार्टी के अधिकृत मीडिया सेल के नाम से एक्स पर बने हैंडल द्वारा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के लिए आपत्तिजनक ट्वीट किया गया है। जिसमें कहा गया है कि सपा के डीएनए पर बयानबाजी करने वाले ब्रजेश पाठक अपना डीएनए अवश्य चेक करवाएं और उसकी रिपोर्ट सोशल मीडिया पर जरूर डालें जिससे उनका असली डीएनए तो पता चले। दरअसल ब्रजेश पाठक का खुद का डीएनए सोनागाछी और जीबी रोड का है, उन्हें खुद नहीं पता कि उनका असली डीएनए क्या है कहां का है और किसका है इसीलिए कुंठाग्रस्त होकर वे सबके डीएनए पर सवाल उठाते हैं ? उन्होंने पत्र में लिखा है कि दरअसल पाठक जी इतनी पार्टियां बदल चुके हैं और इतने डीएनए से हो चुके हैं कि भ्रमित हैं। ब्रजेश ब्रजेश पाठक अपना डीएनए चेक करवाकर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करें तो हम अभियान चलाकर ब्रजेश पाठक का डीएनए सोनागाछी और जीबी रोड के रेगुलर कस्टमर्स से मिलान करवाएंगे फिर ब्रजेश पाठक जी को उनका असली डीएनए का पता बताएंगे। पत्र में लिखा है कि समाजवादी पार्टी द्वारा उक्त ट्वीट के माध्यम से उपमुख्यमंत्री की मृतक माँ के विरूद्ध घोर आपत्तिजनक बात कही गई है जोकि समाजवादी पार्टी के महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाती हैं। एक्स हैंडल द्वारा की गई अनर्गल टिप्पणी ब्राह्मण समाज समाजवादी पार्टी की कुत्सित भावना को उजागर करता है, तथा ट्रीट के द्वारा समाजवादी पार्टी ने जातीय व्यमनस्यता फैलाकर लोक शान्ति भंग किया है। यह ट्रीट समाज में विध्वंसक, विघटनकारी, अलगववादी क्रियाकलाप बढ़ाने के लिए किया गया है तथा एक्स पर अभियान चलाकर सम्मानित हस्ती को अपमानित करके देश की एवं एकता पर प्रहार किया गया हैं तथा जातीय उन्माद फैलाकर अस्थिर करनें का प्रयास है। जब समाजवादी पार्टी एक उपमुख्यमंत्री एवं उनकी मृतक माँ के लिए ऐसी भाषा का प्रयोग कर सकती है तो आम जनता के लिए इनकी क्या मानसिकता हो सकती हैं। समाजवादी पार्टी अपराधिक मानसिकता वाली पार्टी हैं। इसके पहले भी समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के सोशल मीडिया एक्स हैंडल द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट कई बार किया जाता रहा हैं जिसके कारण इनके ऊपर कई लोगों द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जा चुकी है।

# गौवंश की तस्करी करने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

- मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर के पैर में लगी गोली, चार अन्य भी दबोचे गए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सर्विलांस टीम की मदद से गोसाईंगंज पुलिस ने शुक्रवार की रात मुठभेड़ के दौरान गौवंश की तस्करी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर भेज दिया। पुलिस ने तस्करी में लगी ट्रक के साथ तस्करों के पास से एक स्वीफ्ट डिजायर कार व एक देसी तमंचा बरामद किया। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस के जेल भेज दिया।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि बीते पांच मई को पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास एक ट्रक को पकड़ा गया जिसमे 20 मवेशी बंद थे। पुलिस को देख चालक मवेशियों से भरा ट्रक छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक इस घटना के खुलासे के लिए डीसीपी ने चार टीमें गठित की थी। सीसीटीवी फुटेज से मिले गाडियों के सुराग से पुलिस सर्विलांस टीम की मदद से आरोपितों तक पहुंच सकी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की मध्यरात्रि में मुखबिर ने सूचना दी कि पशु तस्करी में प्रयोग की गई स्वीफ्ट डिजायर कार के साथ तीन अज्ञात लोग बेली गांव के अंडर पास के निकट खड़े है। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया, तो शोएब उर्फ गैंडा द्वारा सामने से पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया। पुलिस की फायरिग में शोएब के पैर में गोली लगी। कार में दो अन्य साथी भी उसके सवार थे जिन्हें पीछा कर गिराफ्तार किया गया। पुलिस के बताया कि पकड़े गये अभियुक्त शोएब उर्फ गैंडा ग्राम मोहम्मदपुर थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर, हाल पता तारापुरी खुशहाल नगर जनपद मेरठ के रहने वाला है। जाबिर माता वाला हसनबाग थाना मंगलौर हरिद्वार, फैजान ग्राम बगरा थाना तितावी जिला मुजफ्फरनगर को गिराफ्तार किया। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के बताया कि पूछतांछ के दौरान उसमें दो साथी मुनीर आलम निवासी ग्राम तेजल हेड़ा थाना छपरा जिला मुजफ्फरनगर व फिरासत ग्राम करनपुर थाना मूढ़ापाण्डेय जनपद मुरादाबाद को गिराफ्तार कर जेल भेज गया।

**छुट्टा गौवंशो को बनाते थे निशाना**

यूपी के कई जिलों में फैले पशु तस्करी के गैंग के सदस्य छुट्टा जानवरो को निशाना बनाते थे। यूपी में छुट्टा जानवर आसानी से मिल जाते हैं। जिनकीं कोई खोज खबर भी नही करता है। यह लोग बीते पांच मई को हरदोई से एक ट्रक में 20 गौवंशो को लादकर ले जा रहे थे। तभी लखनऊ के गोसाईंगंज में ट्रक खराब हो गई। जो पुलिस ने पकड़कर तलाशी ली तो गौवंशो को पाया था।

**कार से करते थे निगरानी, 75 हजार में चार राज्यों की सीमा से पार कराते थे वाहन:** गौवंशो को लेकर जानी वाली ट्रक का पशु तस्कर कार से पीछा करके निगरानी करते थे। उन्हें चार राज्यो यूपी, राजस्थान, बिहार के रास्ते बंगाल तक ट्रक पहुंचाने के 75 हजार रुपये मिलते थे।

**कई मुकदमे दर्ज है आरोपियों पर, कई बार जा चुके जेल:** डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि पशु तस्करी का मास्टरमाइंड शोएब उर्फ गैंडा के खिलाफ गोसाईंगंज, जयवंत नगर इटावा, कुशीनगर, मुजफ्फरनगर, मथुरा में एक दर्जन मुकदमें दर्ज है। आरोपित फैजान के खिलाफ मुजफ्फरनगर मर चार लखनऊ में दो मुकदमे दर्ज है। जाबिर के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज है। इसी क्रम में मुनीर के खिलाफ सात मुकदमे व फिरासत के खिलाफ बागपत व मुरादबाद के कई अन्य जिलों में भी कुल नौ मुकदमे दर्ज है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए लोग कई बार जेल भी जा चुके है।

## अविरल-निर्मल गोमती के लिए सरकार की पहल का स्वागत : रिद्धी गौड़

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीमैन कहे जाने वाले शुभ संस्कार समिति के महामंत्री रिद्धि गौड़ ने गोमती नदी के पुनरुद्धार के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा की गई ताजा पहल का स्वागत किया है। गोमती को पुनर्जीवित करने के अभियान में सक्रिय रहने वाले रिद्धि गौड़ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि गोमती मैया के उद्धार के संबंध में विगत 25 वर्षों से लगातार चल रही मेहनत अब लगता है योगी जी की सरकार में पूरी होने जा रही है। विगत माह गोमती मैया के लिए पोस्टकार्ड अभियान चलाया। कृष्णा नंद राय, आशीष अग्रवाल, अजय मेहरोत्रा के साथ मिलकर नित्य 50 पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री को और मुख्यमंत्री को गोमती मैया की पीड़ा के संबंध में भेजे गए। कुछ आवश्यक वीडियो और फोटोग्राफ्स के सहारे सोशल मीडिया पर भी अभियान चलाया गया। वर्षा ऋतु के बाद नालों को रोकने की एवं गोमती मैया के उद्गम का उद्धार के लिए मुख्यमंत्री संकल्पबद्ध हैं। जन सहभागिता और कई विभागों के समन्वित प्रयास से लखनऊ की जीवन रेखा पुनः जीवित होगी। केंद्र सरकार का भी अपेक्षित सहयोग इस कार्य में मिलेगा। इस जीवन में उसको देखकर बहुत आनंद आएगा। गौड़ ने कहा कि गोमती को अविरल और निर्मल बनाने के प्रयास में सरकार के साथ ही हम सभी तन मन धन से स्वैच्छिक सेवा करने के लिए तत्पर हैं।

# पति की मौत के बाद सगे भाइयों पर 40 लाख रुपये हड़पने का आरोप

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली में एक महिला ने पति की मौत के बाद सगे भाइयों पर मकान बिक्री के नाम पर 40 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा पुलिस से शिकायत की है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि माली खाँ सराय लखनऊ निवासिनी ईला रस्तोगी पत्नी स्व० अनुज रस्तोगी के अनुसार उसके पति ने जनवरी वर्ष 21 में सुरेन्द्र पाल सिंह व तजेन्दर पाल सिंह पुत्रगण सरदार प्रीतम सिंह पटेल नगर, आदर्श नगर, आलमबाग निवासीगण से मकान का सौदा 95 लाख रुपए में तय किया था जिसके एवज में विक्रेतागण को बीते फरवरी वर्ष 21 को आरटीजीएस के माध्यम से कुल 15 लाख रुपये और मार्च माह में 25 लाख रुपये नगद भुगतान सुरेन्द्र पाल सिंह उसकी पत्नी सविन्दर कौर व उसके पुत्र सुप्रीत सिंह व उसके भाई तजेन्दर सिंह को क्रेता व विक्रेता के परिचित जगमीत सिंह के समक्ष दिया था और यह तय हुआ था कि अप्रैल माह में 20 लाख रुपए का भुगतान कर शेष भुगतान लोन कराकर करेंगे इस बीच वर्ष 2021 में अप्रैल माह में कोविड की बीमारी से पीड़ित के पति की मौत हो गई जिससे उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई। आरोप है कि उसने आरोपित भाइयों से विपरीत परिस्थितियों का हवाला देते हुए 2 वर्षों तक मकान का विक्रय पत्र निस्पादित नहीं कराने की बात कही थी लेकिन विपक्षीगणों द्वारा कहा गया कि वह 2 वर्षों तक इन्तेजार नहीं कर पायेंगे तथा मकान किसी अन्य को बेच कर पीड़िता की 40 लाख रुपये की रकम वापस लौटा देंगे। काफी समय व्यतीत होने के उपरान्त भी बार-बार विपक्षीगणों द्वारा 40 लाख रुपए वापस करने के सम्बन्ध में कोई वार्ता नहीं की गयी तथा विपक्षीगणों ने पीड़िता का फोन तक उठाना बन्द कर दिया और मकान का बैनामा किसी और को कर दिया गया। जब पीड़िता को इस बात की जानकारी हुई तो उसने जगमीत सिंह द्वारा पैसा वापस करने की बात विपक्षीगणों ने कही गयी तो विपक्षीगणों ने पैसा वापस करने से मना कर उसे जान से मारने की धमकी देने लगे।

## भाजपा 21 से चलायेगी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान



**लखनऊ।** रानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी के संबंध में भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता और कार्यशाला को मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष लखनऊ प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी व महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संबोधित किया। हलवासिया कोर्ट हजरतगंज में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक विवेक सिंह तोमर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी और वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को पार्टी ऐतिहासिक और भव्य रूप में मनाने जा रही है। इसके तहत 21 से 31 मई तक पूरे प्रदेश में अहिल्याबाई होल्कर स्मृति अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में महिला स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निकायों और महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। त्र्यंबक त्रिपाठी ने बताया कि रानी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। वे सुशासन, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की मिसाल थीं। राजमाता अहिल्या बाई ने न्याय के लिए अपने पुत्र को ही मृत्युदंड दिया था। मुगल आक्रांताओं ने जिन मंदिरों को क्षतिग्रस्त व धवस्त कर दिया था ऐसे काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर सहित देश के असंख्य मंदिरों का जीर्णोद्धार करा कर भारत की धार्मिक संस्कृति और धर्म स्थलों को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और राष्ट्रनिर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:– **क्रम सं.-1,** ई–प्रापण निविदा संख्या: मु.इं.-नि.-आरएसपी-जीसी-01, दिनांक 02-07-2025, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/आरएसपी कार्यालय एवं संबद्ध कार्यालय के लिये जनरल कंसल्टेंसी सर्विस हेतु जनरल कंसलटेंट की नियुक्ति के प्रस्ताव के लिये अनुरोध। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 9,20,69,231.94, बयाना राशि: ₹ 6,10,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: –, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 (चौबीस) माह।
• बिड प्रारम्भ करने की तिथि: दि. 18-06-2025
• उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि: दिनांक 02-07-2025, 15:00 बजे तक,
• उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 02-07-2025, 15:00 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/आरएसपी,
मुजाधि/डब्लू–68 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## विशाल भण्डारे का आयोजन



लखनऊ। सीएमएस के आरडीएसओ कैम्पस द्वारा श्री हनुमान जी के विशाल भण्डारे का आयोजन शनिवार को विद्यालय परिसर में किया गया। भण्डारे का शुभारम्भ भगवान श्री राम के गुणगान एवं पवनपुत्र श्री हनुमान जी के पूजन व आरती से हुआ। इस अवसर पर सीएमएस आरडीएसओ कैम्पस की प्रधानाचार्या ज्योत्सना अतुल ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पवनपुत्र श्री हनुमान जी का भण्डारा सामाजिक समरसता को बनाये रखने का संदेश देता है। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि इस भण्डारे में लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में आकर प्रसाद ग्रहण किया।

# महिला से सरेराह छेड़खानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महानगर में बच्चे को स्कूल लेने जा रही महिला के साथ शोहदे ने छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर गाली देते हुए फरार हो गया। शोहदे की हरकत से घबराई महिला ने घर जाकर जानकारी दी। इसके बाद थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

महानगर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने बताया शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपने बच्चे को लेने स्कूल जा रही थी। तभी रास्ते में राजन ने अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने उसका विरोध किया, तो आरोपी जबरन घर में खींचने लगा। आरोपी की हरकत से घबराई पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी माफी मांगने लगा। शोर सुनकर इलाके में लोग एकत्रित होने लगे। आरोपी गाली देते हुए फरार हो गया। घबराई महिला ने घर जाकर परिवार को जानकारी दी। इसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर महानगर का कहना है मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

**पति ने मां के साथ मिलकर पत्नी को पीटा:** नगराम के समेसी का मजरा रसूल पुर गांव निवासी निशा ने नगराम थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसके पति नीरज का दूसरी महिला से अवैध संबंध है उसी का विरोध करने पर शुक्रवार शाम उसके पति नीरज द्वारा अपनी मां चांदनी के साथ मिलकर मिलकर गंदी गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए गला दबाकर लात घूसों से पिटाई कर दिया। मारपीट से उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता महिला द्वारा दी गई तहरीर पर उसके पति व सास के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## किस्सागोई 'खलल' में सभी ने सुनायी अपनी-अपनी कहानी

लखनऊ। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उप्र. एवं हिन्दुस्तानी अकादमी, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में किस्सागोई के कार्यक्रम खलल का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें अध्यक्षता सुभाष चन्दर द्वारा की गयी। संस्थान के अध्यक्ष आईएएस डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, सुभाष चन्दर, डॉ सीमा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती माँ की प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ किया गया। संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता द्वारा राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को बताने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह में कात्यायनी सिंह, रेनू वर्मा, सुश्री वत्सला पाण्डेय, डॉ. सुधा मिश्रा, श्रुति शर्मा, वर्षा वर्मा, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, सुश्री माण्डवी तिवारी सुभाष चन्दर, सौम्या अदित्री ने अपने-अपने किस्सों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रो. एनएल भारती, श्रवण कुमार एवं सुरेन्द्र गौतम ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। इसी प्रकार सभी ने एक महत्त्वपूर्ण विषय पर किस्सागोई कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उत्तर प्रदेश के सदस्य/पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह का सभी ने भरपूर आनन्द लिया। संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने बताया कि किस्सागोई कार्यक्रम के माध्यम से संस्थान, समाज के विभिन्न पक्षों को समाज के मध्य प्रस्तुत कर रहा है। अन्त में आईएएस डॉ अखिलेश कुमार मिश्रा, सुभाष चन्दर के वक्तव्य के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।

## मजदूर को पीटा

लखनऊ। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में एक मजदूर को अपनी मजदूरी का प्रोफाइल मांगने पर दुकान मालिक ने भाइयों के साथ जमकर बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित वहां से भाग कर आने पर पुलिस को लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-महानगर, जा. क्षेत्र, लखनऊ**

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना : 03/EUDC(MAHA.)/2025-26** | **दिनांक : 18.05.2025** |
| कार्य का नाम : मण्डल-महानगर के अधीनस्थ वितरण खण्डों महानगर/ विश्व विद्यालय/सीतापुर रोड के अन्तर्गत अवस्थित विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित पावर परिवर्तकों को अत्यधिक गर्मी से ठण्डा रखने एवं क्षतिग्रस्तता से बचाव हेतु उनके निकट जम्बों कूलर स्थापित किये जाने सम्बन्धी कार्य। | |
| ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रु. 1180.00 | धरोहर धनराशि : रु. 7920.00 |
| ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 24 मई 2025, 12.00 बजे | |
| विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। | |

(दीपक कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता

# जगह-जगह लगे भंडारे, बंटा बजरंगबली का प्रसाद







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार का दिन भी भगवान बजरंगबली के नाम होता है इस दिन भी पवनसुत हनुमान की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है। ज्येष्ठ माह के शनिवार पर आज भी राजधानी लखनऊ के सभी हनुमान मंदिरों में आस्था नजर आया। हर कोई पवनसुत के दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। भीषण गर्मी के दौरान आस्था की परीक्षा रही। शनिवार की भोर में मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन की आस लिए भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गई तो शहर के मुख्य बाजारों, गली-चौराहों पर दिनभर भंडारे चले।

अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में पहले बड़े मंगल के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। शनिवार को पुराने हनुमान मंदिर, छांछी कुंआ हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, त्रिलोचन हनुमान मंदिर चारबाग, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज, पंचमुखी हनुमान मंदिर बीरबल साहनी मार्ग, कल्याण गिरि हनुमान मंदिर, छुआरे वाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, इंदिरानगर सी ब्लॉक हनुमान मंदिर, हाथी वाले बाबा हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में शनिवार पर विशेष व्यवस्था रही। सड़कों और चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। भंडारों का आयोजन करने वाली संस्थाएं और लोग शुक्रवार सायंकाल से ही इसकी तैयारी करते नजर आए। भंडारों के स्थान पर छाया की व्यवस्था की गई थी फिर भी भीड़ और गर्मी के चलते लोग परेशान नजर आए। भंडारों में प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण किया गया। पूड़ी-सब्जी के साथ ही लौकी का कोफ्ता, छोला चावल, कढ़ी, बूंदी-बताशे, शरबत, दूध का वितरण किया गया।

**जयकारों के साथ गूंज उठा परिसर:** श्रद्धालुओं ने कहा कि यहां आने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। साथ ही यह भी कहा कि हम सबको बड़े मंगल व शनिवार आने का इंतजार रहता है वहीं हनुमान मंदिर की मान्यता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। भंडारा खाने आये लोगों ने कहा कि भंडारे का प्रसाद खाकर विशेष ऊर्जा मिलती होती है। लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सुबह बजरंगबली की भव्य आरती हुई। जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं अलीगंज स्थित पुराना और नया हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ।

**खूब बांटा गया प्रसाद:** बड़े बड़े पंडालों में भक्ति गीत बजते हुए हनुमान जी के पहले शनिवार पर प्रसाद बांटा गया। शनिवार के दिन शहर भर में जगह जगह पर भंडारे का आयोजन हुआ। गलियों से लेकर चौराहों तक भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शहर के ज्यादातर हिस्सों में भंडारे व प्याऊ लगाये गये। कई व्यंजनों को प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें पूड़ी सब्जी सबसे प्रमुख रही। राजधानी में लाखों लोगों ने प्रसाद का ग्रहण किया। हजरतगंज, गोमती नगर, अलीगंज, पुराना लखनऊ, चारबाग हुसैनगंज व शहर के प्रमुख इलाकों समेत हर जगह पर भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।

## श्री दुर्गा जी मंदिर में सुंदरकांड पाठ संग भंडारा



**लखनऊ।** आज ज्येष्ठ मास के पहले शनिवार को श्री दुर्गा जी मंदिर शास्त्री नगर द्वारा परिवर्तन चौक पर एक विशाल भंडारे का आयोजन सुंदरकांड के पाठ के साथ आरम्भ किया गया। चौक से संजय अग्रवाल ने भंडारे की व्यवस्था का संचालन किया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, तारा चंद, अस्थाना आदि अनेक समाज सेवी मौजूद रहे। लखनऊ में ज्येष्ठ मास में प्रत्येक मंगल को भंडारा और मेले का आयोजन सेंकड़ो वर्षो से होता रहा है, अब मंगलवार के साथ शनिवार को भी इसका आयोजन होने लगा है। इसका आरंभ अलीगंज वाले हनुमान मंदिर में लखनऊ के एक नवाब ने प्रारंभ किया था। इसलिए इन भंडारों को हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक भी माना जाता रहा है। इसमें हनुमान चालीसा, सुंदर कांड, शरबत और पूड़ी सब्जी इत्यादि का संगम रहता है। एक अनुमान के अनुसार इस मास में पाँच हजार से अधिक भंडारे केवल लखनऊ में लगाये जाते हैं। एक एक रोड पर दस दस भंडारे चलते हैं। ये सब हनुमान जी की कृपा का प्रसाद माना जाता है।

## मुश्किलों से लड़ने की सीख दे गया नाटक 'आत्महत्या'



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आकांक्षा थियेटर आर्ट्स, लखनऊ द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली के सहयोग से प्रतिभागी संस्था देवसु थियेटर आर्टस सोसाइटी लखनऊ का नाट्य मंचन नगर के रंगनिर्देशक अशोक लाल के कुशल निर्देशन में मंचित किया गया, नाटक आत्महत्या का मंचन पं. भृगुदत्त तिवारी प्रेक्षागृह, डीएवी (पीजी) कालेज, ऐशबाग रोड, नाका हिन्डोला, लखनऊ में मंचित किया गया। नाटक मंचन से पूर्व उद्घाटन एवं दीप प्रज्वलन सुनील कुमार मिश्रा, एडवोकेट, गवर्निंग बॉडी, कल्याण सिंह कैंसर इन्स्टीट्यूट लखनऊ तथा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनमोहन तिवारी एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित राजीव कुमार तित्रपाठी प्राचार्य, द्वारा कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। कथानक के अनुसार जिंदगी में आज हर किसी को कोई ना कोई दिक्कत है, परेशानी है और इन्हीं मुश्किलों से लड़ते हुए जीने का नाम ही जिंदगी है, एक आम आदमी बस इतना ही चाहता है कि उसका जीवन बस आराम से व्यतीत हो, उसकी बातों को कोई सुनने वाला हो, उसके दुख को कोई बांटने वाला हो और अगर ऐसा परिवार आपके पास हो तो आप कुछ भी कर सकते हैं, ये नाटक भी एक ऐसा ही व्यक्तित्व के बारे में है (चिरंजीवी) जिसके पास सब कुछ है, बस अपना कोई परिवार नहीं है और ये अकेलापन जब बर्दाश्त के बाहर हो जाता है, तो वो अपने जीवन को खत्म करने का निर्णय कर लेता है और आत्महत्या करने के लिए एक पुल पर पहुंच जाता है, लेकिन वो कहते हैं ना जब तक भगवान की मर्जी ना जो तब तक आपको कुछ नहीं होगा। मूलनाट्य रचना का श्री थेर्रम शाद्दि₹साईं₹ अनुवादन हेम नारायण पात्रो की नाट्य रचना आत्मकथा में बिरजू/पंडित में अशोक लाल, चिरंजीवी में मोहित यादव, राम की भूमिका में आर्पित श्रीवास्वत, भोला शंकर (नेता) तारिक इकबाल ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा। अन्य कलाकारों ने सुशीला की भूमिका में तान्या और पुलिस की भूमिका में सौरभ सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी

पत्रांक :- 236/ मु.का./2025-26 दिनांकः- 17 मई, 2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा शासनादेश सं.-3890/नौ-5-19-149सा./2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि पालिका निधि/राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की निविदायें दिनांक 11/6/2228 को इस पालिका परिषद में रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है उक्त निविदायें दिनांक 11/6/2002 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदादाताओं / प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 9/6/2025 से दिनांक 10/6/2025 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक पालिका कार्यालय कोषागार में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा। समस्त निविदाओं के साथ पृथक-पृथक 10% जमानत धनराशि का एफ.डी.आर./ एन.एस.सी. या अन्य प्रतिभूत प्रमाण-पत्र जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, बाराबंकी के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा। कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि कोई भी अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त कर दें जिसका कोई भी क्लेम निविदादाता का मान्य न होगा। प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रुपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र लगाना अनिवार्य होगा। निविदादाताओं को निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त नवीनतम चरित्र प्रमाण-पत्र व हैसियत प्रमाण-पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | व्ययानुमान | धरोहर धनराशि | टेण्डर शुल्क+ 18% GST +शासनादेश के अनुपालन में टेण्डर मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पटेल चौराहे पर पब्लिक टायलेट के सामने व बगल इण्टरलाकिंग टाइल्स लेहिंग व नाली मरम्मत का कार्य। | 315474.00 | 27000.00 | 325+59+ 250+45 =679 | 1 माह |
| 2 | वार्ड मकदूमपुर मोहल्ला गायत्री में बाबा दीन के घर से राम कुमार की बाउण्ड्री तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 192031.00 | 16500.00 | 205+37+ 250+45 =537 | 1 माह |
| 3 | वार्ड आनन्द विहार में सेक्टर.5 बड़ा पार्क में इण्टर लाकिंग, रंगाई-पुताई, नये गेट का अधिष्ठापन तथा ग्रिल मरम्मतीकरण का कार्य। | 384085.00 | 33000.00 | 395+71+ 250+45 =761 | 1 माह |
| 4 | अधिशासी अधिकारी आवास के बाउण्ड्रीवाल पर भवन की पुट्टी, रंगाई-पुताई का कार्य। | 156089.00 | 13500.00 | 165+30+ 250+45 =490 | 1 माह |
| 5 | वार्ड आलापुर में राजेश कुमार के घर सामने सी०सी० एवं कुंए पर जाल का कार्य एवं नाली कवरिंग का कार्य। | 178285.00 | 15500.00 | 185+33+ 250+45 =513 | 1 माह |
| 6 | Hire Charges of back hoe loader, tractor trolly and cartage of soil for earth filling at auditorium ground. | 563133.00 | 48000.00 | 575+104+ 250+45 =974 | 1 माह |
| 7 | नगर पालिका सीमान्तर्गत महर्षि विद्या मंदिर परिसर में 5 अस्थाई शौचालय व 5 अस्थाई स्नानाघर का निर्माण कार्य। | 204630.00 | 17500.00 | 215+39+ 250+45 =549 | 1 माह |
| 8 | प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन के सामने स्थित विजय पार्क की बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत रंगाई-पुताई, मार्ग मरम्मतए गेट मरम्मत नये गेट के अधिष्ठापन आदि का कार्य। | 359972.00 | 31000.00 | 365+66+ 250+45 =726 | 1 माह |
| 9 | वार्ड पीरबटावन पूर्वी के अन्तर्गत मोहल्ला, नई बस्ती, गरीब नवाज मदरसा के पास कसाई गली व अकील के घर के पास नाली क्रासिंग स्लोप इण्टरलाकिंग एवं नाली कवरिंग व मरम्मत का कार्य। | 976937.00 | 83000.00 | 985+177+ 250+45 =1457 | 1 माह |
| 10 | सम्पबेल परिसर में गहरा नाला, एम.एस. जाल एवं रैम्प स्लैब व पवन कुमार से सम्पबेल बाउण्ड्रीवाल तक नाली मरम्मत एवं इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 231200.00 | 19000.00 | 245+44+ 250+45 =584 | 1 माह |
| 11 | वार्ड दशहराबाग में रामलीला मैदान में पुताई व इण्टर लाकिंग फुटपाथ का कार्य। | 940457.00 | 80000.00 | 955+172+ 250+45 =1422 | 1 माह |
| 12 | वार्ड दशहराबाग में अमीन एडवोकेट के घर के पास प्लाट के पास नाली व इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण का कार्य | 250648.00 | 21500.00 | 265+48+ 250+45 =608 | 1 माह |
| 13 | वार्ड पीरबटावन पूर्वी में विवेकानन्द बाल उद्यान के सामने क्षतिग्रस्त नाले पर आर.सी.सी. स्लैब कास्टिंग तथा नागेश्वर नाथ मंदिर के सामने व ट्यूबबेल नं.-04 के पास मस्जिद के सामने एम.एस. चैनल लगाये जाने व ईदगाह में व विवेकानन्द बाल उद्यान के सामने व अन्य स्थल पर नाली मरम्मत व पत्थर कास्टिंग का कार्य। | 453978.00 | 38500.00 | 465+84+ 250+45 =844 | 1 माह |
| 14 | जिला जज कार्यालय में स्थित शौचालय को पिंक टायलेट में परिवर्तित करने का कार्य। | 597573.00 | 51000.00 | 605+109+ 250+45 =1009 | 1 माह |
| 15 | वार्ड पीरबटावन पश्चिमी में ईदगाह के पास महबूब आलम के मकान से ताहिर के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण का कार्य। | 437612.00 | 37500.00 | 445+80+ 250+45 =820 | 1 माह |
| 16 | वार्ड पीरबटावन पश्चिमी में ईदगाह के पास मोहम्मद अल्ताफ अंसारी से सलीम के घर के पास नाली का निर्माण व सी०सी० पैच मरम्मत एवं मुनीर आलम के घर से हबीब के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग सड़क निर्माण का कार्य। | 375885.00 | 32000.00 | 385+69+ 250+45 =749 | 1 माह |

**-: शर्ते :-**

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यों हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली-भांति परिचित हो लें।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र अतिशीघ्र अनुबन्ध करना होगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. उ.प्र. भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का 1 प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदादाता अपनी निविदा दर अंकित करें।
6. शासनादेश सं.-14/2024/692/23-7-2024 लोक निर्माण अनुभाग-7 लखनऊ दिनांक 09 अगस्त 2024 के निहित प्राविधानो के अन्तर्गत न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी.ओ.क्यू.) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
7. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 एवं तत्सम्बन्धित प्रदेश नियमावली-2009 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. अनिवार्य शर्त-कायार्देश में कार्य पूर्ण किये जाने की अवधि में विलम्ब होने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर से बिल से कटौती कर ली जायेगी। यदि समयावाधि का दो गुना समय व्यतीत हो जाता है और कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जा सकेगी।
9. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज /21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद में निर्माण/ विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज,**
**बाराबंकी**

**(शीला सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नवाबगंज**
**बाराबकी**

संक्षेप

## ट्रेन में आग लगने की अफवाह से यात्रियों में दहशत

संत कबीरनगर। जिला मुख्यालय के खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के पास शनिवार अपराह्न को अंत्योदय एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22551) में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद यात्रियों के बीच दहशत फैल गई, जिसके कारण उन्हें ट्रेन से उतरना पड़ा। यह घटना शनिवार अपराह्न करीब दो बजे हुई, जब दरभंगा से जालंधर जा रही ट्रेन खलीलाबाद स्टेशन के बाहरी सिग्नल के पास रुकी। अधिकारियों ने बताया कि इस अप्रत्याशित ठहराव और आग लगने की अफवाह के कारण अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि यात्री घबराए हुए ट्रेन की आपातकालीन खिड़कियों और दरवाजों से कोच से बाहर निकलने लगे। आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल विभाग की एक टीम भी मौके पर पहुंची। खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के अधीक्षक आशीष कुमार गौर ने स्पष्ट किया कि ट्रेन का रुकना किसी यात्री के द्वारा आपातकालीन चेन खींचने के कारण हुआ था, न कि वास्तव में आग लगने के कारण। गौर ने कहा कि आग नहीं लगी थी और ट्रेन ने करीब 30 मिनट रुकने के बाद अपनी यात्रा फिर से शुरू कर दी। अफरा-तफरी के बावजूद सभी यात्री सुरक्षित रहे।

## तहसील परिसर की ठीक करायी जायें जर्जर सड़कें

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) तहसील परिसर में मुख्य गेट से अन्दर की सड़क अत्यंत जर्जर होने से उस पर निकलना मुश्किल है। खास कर दिव्यांगजनों को काफी दिक्कत हो रही है। जिसे लेकर तहसील के वकीलों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम का ध्यान खींचा है। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को वकीलों ने प्रार्थना पत्र देकर सड़क की मरम्मत कराने की मांग करते हुए कहा है कि तहसील में वादकारी फारियादी, कर्मचारी और वकील आते जाते हैं। गेट से लेकर अन्दर तहसील परिसर की सड़कें खराब हैं। दिव्यांग लोगों को निकलने में काफी कठिनाई होती है। वकीलों ने जनहित में सड़क ठीक कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर वकील संदीप अवस्थी, सविता वाजपेई, सत्यपाल मिश्र, नील कमल गुप्ता, आदर्श शुक्ला, अमित पाण्डेय शामिल थे।

## पत्नी की लाठी से पीटकर हत्या

वाराणसी। वाराणसी के एक गांव में 44 वर्षीय व्यक्ति ने शादी के छह दिन बाद ही अपनी पत्नी की कथित तौर पर लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना बृहस्पतिवार रात चौबेपुर थाना क्षेत्र के अमौली गांव की है जहां राजू पाल ने पारिवारिक झगड़े में अपनी पत्नी आरती पाल (26) को कथित तौर पर लाठी से पीट-पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस आरती को नरपतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजू को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आरती और राजू की शादी नौ मई को हुई थी। यह राजू की तीसरी शादी थी। उसकी दो शादियां पहले ही टूट चुकी हैं। उसने बताया कि शादी के बाद से ही राजू का आरती से झगड़ा होने लगा।

# शिकायतों का हर हाल में करें निस्तारण: डीएम



सोनभद्र। सरकार के दिशा निर्देश पर जिले की चारों तहसीलों में मई महीने के तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में जिलाधिकारी बीएन सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले जमीन सम्बन्धित प्राप्त हुए, जिसका शंका समाधान मौके पर ही तत्परता के साथ निस्तारण किया गया, जमीन सम्बन्धी मामले को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर शंका समाधान के साथ ही निस्तारण भी कराया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये, उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी के लिए लगाये गये कैम्प का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने से सम्बन्धित जो भी प्राप्त हुए हैं, उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाये, सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इन कैम्पों का आम जनमानस के के बीच व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि अधिक से अधिक लाभार्थी कैम्प में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें, सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल के कैम्प में आयुष्मान कार्ड के 17 लाभार्थियों का कार्ड बनाया गया, 02 वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों के फार्म पर ई-के0वाई0सी0 व 2 कृषक का फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराया कराया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह आदि ने 112 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 13 मामलें निस्तारित किये गये और 04 टीम को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 17 मामले निस्तारित हुए, बाकी 95 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें। इसी प्रकार से सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0न्या0), उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, व तहसीलदार राबर्ट्सगंज अमित कुमार, आदि ने 112 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 17 मामलें निस्तारित किये गये। बाकी 96 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं। इसी तरह से सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार आदि ने 40 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 36 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं।

## 27 होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर-खीरी का कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार आज केवल दीवारों और दीयों से नहीं, बल्कि सपनों, संघर्षों और सफलता की कहानियों से आलोकित हो उठा।

हर चेहरा गर्व की चमक से दमक रहा था और हर आँखों में एक नई उड़ान का सपना सजीव था। यह कोई साधारण दिन नहीं था—यह था मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2025, जहाँ जनपद के सबसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी अथक मेहनत, उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा, एएसडीएम अमिता यादव ने उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर पर जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 27 विद्यार्थियों को माला और मैडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आप सभी केवल परीक्षा के विजेता नहीं, बल्कि भविष्य के राष्ट्र निमातार् हैं। आपकी यह सफलता आपके संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने मेधावियो के साथ उनके गुरुजन व अभिभावकों को बधाई दी। अपनी ऊर्जा के अनुरूप मेहनत करते हुए जिले और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। मेधावी बच्चों से अन्य बच्चे प्रेरणा लें। मन लगाकर पढ़ाई करें। कभी भी कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी समाज मे मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। छात्र-छात्राओं को सीख दी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि छात्रों के चेहरों की चमक केवल सफलता की नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प की कहानी भी कहती है। आपने साबित किया कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जैसे आपने किताबों से दोस्ती की, वैसे ही जीवन से भी सीखते रहिए, आगे बढ़ते रहिए और दूसरों के लिए प्रेरणा बनिए। आज आप सम्मानित हो रहे हैं, कल देश को दिशा देंगे। उन्होंने समय की पाबंदी को सफलता की कुंजी बताया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरूआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ।

## चेकडैम के निर्माण कार्य का पूजन कर किया शुभारंभ

सोनभद्र। विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज संयुक्त रूप से विकास खण्ड घोरावल के ग्राम पंचायत तिलौलीकलॉ में चेकडैम के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किये, इस दौरान जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने फावड़ा



चलाकर चेकडैम के कार्य का शुभारंभ किये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि चेकडैम का निर्माण कार्य हो जाने से कृषक बन्धुओं को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जनपद में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 79 चेकडैमों के निर्माण हेतु स्थल चयनित किये गये है, जिसमें लगभग 419697 क्यू0 मीटर जल भराव होगा एवं लगभग 1044.10 हे0 भूमि सिंचित होगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, ग्राम प्रधान महिमा सिंह, अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। इसी प्रकार से विकास खण्ड दुद्धी के ग्राम पंचायत गुलालझरिया में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा चेकडैम निर्माण का पूजन कर शुभारम्भ/शिलान्यास किया गया, इसके साथ ही अन्य विकास खण्डों में भी मा0 जनप्रतिनिधिगण द्वारा भूमि पूजन कर चेकडैम निर्माण का शुभारम्भ किया गया।

## स्वच्छता अभियान लोगों ने लिया भाग

सोनभद्र। स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल ने शुक्रवार को ग्राम-ढोंटी तालाब, वार्ड क्रमांक 38, में एक प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुई। इस अभियान में स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारी महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) तथा वार्ड पार्षद अनिल कुमार वैश्य भी उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम के अपीलीय समिति सदस्यगण और समर्पित सफाई मित्रों ने भी अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पड़ोसी से मिलो, दोस्ती बढ़ाओ थीम पर रचा सामाजिक जुड़ाव का नया अध्याय

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) आर्ट ऑफ गिविंग के 12वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को कृषक समाज इंटर कॉलेज में एक विशेष संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

इस वर्ष की थीम ष्नेबरगुडरू नेबरहुड में अच्छाई लाना को केन्द्र में रखते हुए कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता और सेवा की भावना को सशक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य था कि अपने पड़ोसियों से संवाद, परिचय और मेल-जोल बढ़ाना। इस अनूठी पहल में स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बच्चों, छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य एपी सरोज, विनोद मिश्रा, डॉ. अनिल कुमार, देवेंद्र सिंह एवं मनीषा



भारती मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को अच्छे पड़ोसी बनने और सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक संदीप कुमार वर्मा ने कहा कि ष्आर्ट ऑफ गिविंगष केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक दर्शन है, जो सेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों को समाज में स्थापित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य है वंचितों की सेवा कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना। इस आंदोलन की स्थापना 17 मई 2013 को डॉ. अच्युत सामंत ने की थी, जिन्होंने कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की भी स्थापना की, जहाँ लगभग 40 हजार आदिवासी बच्चों को शिक्षा, भोजन, आवास, स्वास्थ्य सेवाएं व जीवन कौशल पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधा रोपण भी किया गया, जिससे यह संदेश गया कि समाज सेवा के साथ-साथ प्रकृति की सेवा भी हमारी जिम्मेदारी है।

## अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाहजहांपुर जनपद के नगर जलालाबाद के तमाम लोग तहसील मुख्यालय जलालाबाद पहुंचे और शुक्रवार दिन के 2 बजे एक ज्ञापन देकर बताया की मोहल्ला रामनगर में सरकारी इंटरलॉकिंग गली को तोड़कर नगर पालिका की जमीन पर देवेश गुप्ता द्वारा अवैध मकान का निर्माण अधिशासी अधिकारी नगर पालिका की सहमत से कराया जा रहा है। इसमें वार्ड मेंबर की भी सहमति है पड़ोसियों ने कहा इससे रास्ता संकरा व बंद हो जाएगा और आसपास के लोगों का निकलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने इसके बनाए जाने पर आपत्ती की है। ज्ञापन देने वाले गौरव वर्मा रामप्रकाश वर्मा वीरेश प्रधान मुकेश उपेंद्र गुप्ता दुर्गेश कुमार ने बताया की मोहल्ले के ही देवेश गुप्ता पुत्र रामकिशोर व उनके सहयोगी जबरन कब्जा करके मकान का निर्माण कर रहे हैं। 30 वर्षों से रहने वाले मोहल्ले वालों का निकलने का रास्ता बंद हो जाएगा वहीं उप जिला अधिकारी दुर्गेश यादव ने इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं तहसीलदार को मौके की जांच कर अवैध निर्माण कार्यों के जाने के निर्देश दिए हैं।

## छटनी के विरोध में बिजली संविदा कर्मियों ने किया धरना- प्रदर्शन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने छटनी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। बिजली संविदा कर्मचारी



छटनी को लेकर विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि जो संविदा कर्मी काम कर रहा था उसे कम पर लगाया जाए जबकि विभाग छटनी कर उनकी संख्या कम कर रहा है। कर्मचारियों ने शनिवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने धरना दिया। जिस कारण क्षेत्र के बिजली आपूर्ति बे पटरी हो रही है। धरने पर गोला, पालिया और मोहम्मदी के संविदा कर्मी मौजूद थे। जिसमें प्रमुख रूप से विकास कटियार, कलीम बेग, बाबी सिंह, अताहुसैन, अब्दुल लईक, दीपक वर्मा और जगतपाल शामिल थे।

## एएमयू के कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका शनिवार को खारिज कर दी। यह याचिका प्रोफेसर मुजाहिद बेग की ओर से दायर की गई थी जिसमें एक विशेष उम्मीदवार का पक्ष लेने के लिए कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। इससे पूर्व नौ अप्रैल, 2025 को न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डी. रमेश की पीठ ने याचिकाकर्ता, विश्वविद्यालय तथा केंद्र सरकार के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता ने यह कहते हुए कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज की पत्नी प्रोफेसर नाईमा खातून का कुलपति के पद पर चयन करने के लिए नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। याचिका के मुताबिक कार्यवाहक कुलपति चयन प्रक्रिया की अध्यक्षता कर रहे हैं और उनकी पत्नी कुलपति पद के लिए दावेदार हैं।

## दीवार के मलबे में दबकर एक साल की बच्ची की मौत

मथुरा। जिले के कस्बा मांट में शनिवार को ईदगाह बस्ती में पक्के मकान की एक दीवार गिर जाने से उसके मलबे में दबकर एक बच्ची की मौत हो गई जबकि उसकी मां और एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को इलाज के लिए आगरा भेजा गया है। मांट की पुलिस उपाधीक्षक गुंजन सिंह ने बताया कि मांट में ईदगाह बस्ती में शनिवार को एक व्यक्ति के मकान की पक्की दीवार गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से उसके पड़ोसी की एक साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां सहित दूसरी बेटी घायल हो गई। उन्होंने बताया कि घायलों को मलबे से निकालने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें आगरा भेज दिया गया है। पुलिस ने मृत बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि मृत बच्ची गुनगुन का पिता संजय मूलतः दिल्ली के कल्याणपुरी का रहने वाला है। हाल ही में संजय ईदगाह बस्ती, मांट मूला गांव में किराए पर रह रहा है। वह दो साल पहले ही यहां आया था तथा जूते पॉलिश कर परिवार का भरण-पोषण करता है। हादसे में घायल हुई संजय की पत्नी सीमा और दूसरी बेटी खुशबू को इलाज के लिए आगरा भेजा गया है।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से अधेड़ की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव बहादुर नगर में सड़क पर खड़े व्यक्ति को ट्रैक्टर ट्राली चालक ने पीछे से टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को दौड़कर पकड़ लिया और उसकी पिटाई करने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से ट्रैक्टर चालक को मुक्त कराकर हिरासत में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह 6 करीब गांव बहादुर नगर निवासी राकेश पुत्र दयाराम 48 वर्ष गांव के बाहर घूरे पर कूड़ा डालकर वापस लौट रहे थे तभी हरिहरपुर निवासी दिनेश उर्फ मटरू ट्रैक्टर ट्राली लेकर मोहम्मदी से अपने गांव जा रहे थे। मेडिकल स्टोर के पास पहुंचते हैं ट्रैक्टर चालक ने अनियंत्रित होकर सड़क पर पैदल चल रहे अधेड़ को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी।

# देश की सरहद को कोई नहीं दिखा सकता आंख : दिलीप

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए राबर्ट्सगंज में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने किया।

यात्रा सवेरा कैंपस से शीतला मंदिर तक निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुदार्बाद भारत माता की जय भारतीय सेना की जय के गगनभेदी नारे लगाए। साथ में चल रहे डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों ने वातावरण में देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश को दुगुना कर दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर लेकर भारत की इन बहादुर बेटियों को दुश्मन को सबक सिखाने में अहम भूमिका निभाने पर धन्यवाद दिया। लोगों ने कहा कि हिंदुस्तान की इन बहादुर बेटियों पर देश को गर्व है।

इस मौके पर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल ने कहा कि हमारे भारतीय सेना के वीर रणबांकुरों ने पाकिस्तान के दांत खट्टे कर दिए। भारत की सेना के शौर्य को पूरी दुनिया देख चुकी है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर। भारत मां के वीर सपूतों के रहते देश की सरहद को कोई आंख नहीं दिखा सकता। ये विशाल तिरंगा यात्रा ऐसे ही वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है। हर भारतीय को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व है। सेना ने घर में घुसकर पाकिस्तान को उसकी करनी का दंड दिया। तिरंगे की आन बान और शान के लिए भारत का बच्चा बच्चा मिटने को तैयार है। जिन बेटियों का सिंदूर आतंकियों ने छीना था हमारी सेना ने उसका बदला ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को अंजाम देकर ले लिया है। इस मौके पर राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल वीरता का प्रदर्शन किया बल्कि यह भी स्पष्ट किया संदेश दिया कि नया भारत आतंकवाद का जवाब उसी की भाषा मे देने मे सक्षम है, सेना है तो सुकुन है। सेना का गौरव गान जन जन मे हो रहा है। तिरंगा यात्रा के समापन पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंक और बातचीत एक साथ नही चल सकते उन्होने कहा यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के प्रति आभार प्रकट करने के लिए निकाली गई है। सेना ने संयमित ढंग से शौर्य का परिचय देते हुए यह सिद्ध कर दिया कि भारत कमजोर नही है। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह, अनिल कुमार मौर्या, रमेश मिश्रा, नरेन्द्र कुशवाहा, अजीत रावत, जगदीश पटेल, शारदा खरवार, रामनरेश पासवान, अशोक मिश्रा, ओमकार केशरी, अजीत चौबे, अमरेश पटेल, कृष्ण मुरारी गुप्ता, कुसुम शर्मा, प्रसन्न पटेल, अनूप तिवारी, रमेश पटेल, रामसुन्दर निषाद, अमरनाथ पटेल, ओमप्रकाश दूबे, रंजना सिंह, अशोक मौर्या, अनिल सिंह गौतम, शंम्भू नारायण सिंह, विशाल जायसवाल, मनोज सिंह, पुष्पा सिंह, गुडिया तिवारी, किरन तिवारी, रुबी गुप्ता, चांदप्रकाश जैन, रामनिवास तोमर, नार सिंह पटेल, बीएन गुप्ता, प्रिया सोनकर, आशुतोष चतुर्वेदी, मीनू चौबे, विनय श्रीवास्तव, दिलिप चौबे, अंकुर सिंह, रामबली मौर्या सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व आम जनमानस उपस्थित रहा।



● जनपद मुख्यालय पर निकाली गयी तिरंगा यात्रा

## चीनी मिल ने नहीं किया भुगतान तो एडीएम ने सील कर दिया गोदाम

शाहजहांपुर। जनपद के बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड मकसूदापुर चीनी मिल पर एडीएम अरविंद कुमार ने बड़ी कार्रवाई की है अरविन्द कुमार अपर जिला अधिकारी (बि/रा) ने मकसूदां पुर चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान ना किए जाने पर चीनी मिल गोदाम को सिल कर दिया गया। पेराई सत्र 2024-25 में किसानों का कुल गन्ना मूल्य देयता 169 करोड़ 83 लाख के एवज में मात्र 43 करोड़ 05 लाख का ही भुगतान चीनी मिल द्वारा किया गया वहीं 126 करोड़ 78 लाख रुपया किसानों का बकाया धनराशि है। इसके अतिरिक्त इस चीनी मिल पर वर्ष 2020- 21 गन्ना मूल्य के विलंबित भुगतान पर देय ब्याज रुपया 16 करोड़ 70 लाख रुपया की आर सी है। इस पेराई सत्र में अभी तक 27 नवम्बर 2024 तक का किसानों का भुगतान किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी शाहजहांपुर के निर्देश अपर जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी और एसडीएम पुवायां, नायब तहसीलदार पुवायां के साथ चीनी मिल पहुंचकर चीनी मिल के रखी चीनी स्टॉक , शिरा और कोजन का विस्तृत निरीक्षण किया। और गन्ना किसानों का अवशेष भुगतान जल्दी भुगतान न करने के कारण सिल कर दिया।

बता दे इस चीनी मिल ने पेराई सत्र 2024- 25 में यह चीनी मिल 05/11/24 को प्रारंभ होकर 30/02/25 को सत्रावसान किया गया। कुल 46.20लाख कुंटल गन्ने की पेराई किया। यह चीनी मिल 7000 ळउऊ क्षमता की है। सुरक्षण प्रस्ताव में इस चीनी मिल को लगभग 25000 हेक्टेयर गन्ना आवंटित किया गया था। चीनी मिल द्वारा शाहजहांपुर व जनपद पीलीभीत के पुवायां, पुरनपुर बिसलपुर तीन समितियों के गेट व 37 क्रय केंद्रों से लगभग 21000 किसानों का गन्ना खरीद की गई है।



चीनी मिल द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान न किए जाने के कारण किसानों में काफी आक्रोश है आए दिन जनपद शाहजहांपुर में जिलाधिकारी ,अपर जिलाधिकारी जिला गन्ना अधिकारी, तहसील के कार्यालय का चक्कर किसान लगा रहे हैं। किसी किसान के बेटी की शादी तो किसी बच्चे की पढ़ाई या अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए किसान नगदी खेती गन्ना को चयन किया परन्तु चीनी मिल द्वारा गन्ना किसानों का भुगतान ना करने के कारण किसान गन्ने से लगातार विमुख होकर अन्य फसलों की खेती की तरफ रुख कर रहे। और भुगतान न होने के कारण किसानों की शादी बारात और बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न हो गई है किसानों का आरोप है कि चीनी मिल द्वारा मिल क्षेत्र में गन्ना विकास कार्यों कोई सहयोग और अनुदान नहीं दिया जाता है। साथ ही भुगतान भी वर्षों बाद किया जाता है। गन्ना किसानों के साथ यह चीनी मिल छलावा कर रही हैं। यदि यही हाल रहा तो कभी शाहजहांपुर गन्ना गढ़ होने की जगह गन्ने से वीरान होने में देर नहीं लगेगी।

प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास एवं आयुक्त गन्ना एवं जिला अधिकारी शाहजहांपुर द्वारा लगातार समीक्षा करने के बावजूद भी चीनी मिल मकसूदापुर मिल मालिक द्वारा अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान हेतु कोई सार्थक प्रयास नहीं दिख रहा है। किसानों की इन समस्याओं को देखते हुए जिलाधिकारी शाहजहांपुर द्वारा अपर जिलाधिकारी और जिला गन्ना अधिकारी को कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया। जिस क्रम में अपरजिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पुवायां चित्रा निर्वाल और जिला गन्ना अधिकारी के साथ मकसूदापुर चीनी मिल द्वारा अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान के विषय में संतोष जनक जवाब न देने के कारण तत्काल प्रभाव से रखे चीनी गोदाम को 10 ताला लगाकर सिल मुहर कर दिया गया। तथा आगामी सुरक्षण प्रस्ताव में गन्ना क्षेत्र आवंटन कम कराए जाने हेतु गन्ना आयुक्त के लिए भी प्रस्ताव भेजने को निर्देश दिया गया। अपर जिला अधिकारी के इस कार्यवाही से किसानों को जल्दी ही भुगतान होने की उम्मीद बढ़ी है। इस दौरान अधिकारी के साथ मौके पर यूनिट हेड आर बी खोखर, डीजीएम, जी एम केन, सिक्योरिटी इंचार्ज मौजूद थे।

अपर जिला अधिकारी ने बताया कि चीनी मिल मकसूदां पुर द्वारा किसानों के अवशेष भुगतान की कार्यवाही नहीं की जाती है तब तक चीनी गोदाम सिल रहेगी।

संक्षेप

## पुरानी रंजिश के चलते युवती से मारपीट

**ललितपुर**। तालबेहट के वार्ड नं. 12 चौबयाना निवासी अंजली योगी पुत्री नन्दकिशोर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को सुबह 11 बजे पुरानी रंजिश को लेकर पड़ौस में रहने वाले विजय योगी, लकी योगी व अजय योगी पुत्रगण विनोद योगी, कौशल योगी पुत्र स्व.कल्यानदास ने एकराय होकर उसके साथ लाठी-डण्डों व लात-घूसों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। बताया कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कालू सिंह होंगे ललितपुर के नये एएसपी



**ललितपुर**। एएसपी अनिल कुमार का स्थानान्तरण सोनभद्र कर दिया गया है। अब उनके स्थान पर सोनभद्र में तैनात रहे कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक होंगे। जुलाई 2022 में ललितपुर में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात किये गये अनिल कुमार द्वितीय का शासन स्तर से स्थानान्तरण कर एएसपी (नगर) सोनभद्र कर दिया गया है। 2 वर्ष 10 महीने के कार्यकाल में एएसपी अनिल कुमार ने जिले में कई उपलब्धियां हांसिल कीं। वर्तमान में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में वह कार्यरत थे। नवांगतुक एएसपी कालू सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वह वर्ष 2005 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं और गणित विषय में एमएससी की शिक्षा ग्रहण की है। वह मूल रूप से उप्र के बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी

**मथुरा**। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी सीपी सिंह के आदेश के अनुपालन में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त खाद्य- द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह के नेतृत्व में जयसिंहपुरा क्षेत्र मथुरा से अंजीर बादाम प्रीमियम आइसक्रीम का एक नमूना, वनीला आइसक्रीम का एक नमूना, कुल्फी का एक नमूना, आर्टिफिशियल स्ट्राबेरी फ्लेवर, रिफाइण्ड पाम ऑयल का नमूना लिया गया। गोविन्द नगर से अमेरिकन नट आइसक्रीम एवं वनीला आइसक्रीम का एक-एक नमूना लिया गया तथा 700 मिलीलीटर की कालातीत अस्सी आइसक्रीम ब्रिक मूल्य बाइस हजार चार सौ रुपए नष्ट करायी गई। विकास बाजार में सचल वाहन बोलेरो पिकअप संख्या यूपी 85 सीटी 9827 पर विक्रय हेतु ले जाये जा रहे पनीर व मसाला पनीर का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। कुल 09 नमूने संग्रहित किये गए। उक्त संग्रहित खाद्य नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सचल दल में दलवीर सिंह, मोहर सिंह, जितेन्द्र सिंह, भरत सिंह और अरुण कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

# जिलाधिकारी ने प्रकरणों के निस्तारण के लिए की बैठक

### कार्यदायी संस्था पीएनसी के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा**। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा में भूमि अर्जन से संबंधित संचालित परियोजनाओं/प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी सहित यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नेशनल हाईवे, परियोजना प्रबंधक कार्यदाई संस्था पीएनसी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने भूमि अर्जन से संबंधित चल रही परियोजनाओं और मामलों की समीक्षा करते हुए विभिन्न सड़क/रोड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। बैठक में कहा कि किसी भी रुकावट या देरी की समस्या का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के सभी चरण उचित समय पर पूरे हो।

श्री सिंह ने निर्देश दिए कि परियोजना से प्रभावित हितधारकों से समन्वय स्थापित करें। भूमि अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि यह उचित समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरी हो। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाएं। लंबित मामलों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाए। बैठक के परिणामस्वरूप लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान हो। परियोजना की समय पर प्रगति सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि संबंधित कार्यदाई संस्था के पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों से संपर्क करें और नियमानुसार/समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का समाधान कराना सुनिश्चित करे। उक्त कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। भूमि अर्जन से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन का दायित्व है।

## दीवार गिरने से मां सहित दो बेटियां दबीं एक बेटी की मौत, मां-पुत्री घायल

**मथुरा**। थाना मांट क्षेत्र की ईदगाह बस्ती में शनिवार पक्की दीवार अचानक गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से बच्ची की मौत हो गई, जबकि मां सहित दूसरी बेटी घायल हो गई। घायलों को मलबे से निकालने के बाद अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शनिवार को सुबह कस्बा मांट के अंतर्गत मांट मूला में ईदगाह बस्ती में अचानक से पक्की दीवार भरभरा कर गिर गई। हादसे में एक वर्षीय गुनगुन पुत्री संजय निवासी कल्याणपुरी नई दिल्ली हाल पता ईदगाह बस्ती मांट मूला की ईटों के नीचे दबकर मौत हो गई, जबकि मां सोनम पत्नी संजय एवं पड़ोस की रहने वाली खुशबू घायल हो गई। गुनगुन के पिता संजय ने बताया की वह दो साल पहले परिवार के साथ दिल्ली से मांट आए थे। कस्बे में जूता पॉलिस का काम करते हैं। मांट में तोताराम भगत के मकान में किराए पर रहते हैं। सीओ गुंजन सिंह ने बताया की दीवार गिरने से एक वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घायल खुश्बू की हालत गभीर होने पर आगरा के लिए रेफर कर दिया है।

## नाबालिग बच्ची के साथ रेप, आरोपी पकड़ा

**मथुरा**। वृन्दावन नगर के प्रमुख हलवाई रॉयल भारती फूड्स रेस्टोरेंट में कर्मचारी द्वारा एक बच्ची के साथ की गयी दुष्कर्म की घटना ने सभी को शर्मसार कर दिया है। होटल के मालिक ने तो शुरूआत में घटना से ही इंकार कर दिया लेकिन जब पुलिस का दबाव बढा और पीड़ित पक्ष चिल्लाने लगा, तब जाकर मामला दर्ज हुआ और आरोपी को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। तीर्थनगरी में इस प्रकार की घटना से तीर्थयात्रियों पर बुरा असर पड़ा है। मामला हरिनिकुंज स्थित रॉयल भारती फूड्स रेस्टोरेंट का है। बताया गया कि राजस्थान के उदयपुर से पांच बहनें अपने परिवार सहित दर्शन को आई हुई है। शुक्रवार दोपहर को ये सभी इस रेस्टोरेंट में लंच करने पहुंचे। इस दौरान एक 7-8 वीर्या बच्ची उठकर टॉयलेट करने चली गई। काफी देर तक जब वह नहीं लौटी तो उसकी मां बाथरुम की तरफ गईं। वह पास हुंची तो अंदर से बच्ची के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। उसने शोर मचाकर परिजनों को बुलाया जिसके बाद का दृश्य देखकर सभ सन्न रह गये। बच्ची नग्न अवस्था में रो रही थी और लॉक बाथरुम के अंदर रेस्टोरेंट का कर्मचारी धर्मेन्द्र मौजूद था। परिजनों ने इसकी सूचना दी तो पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।

## प्राप्त 61 शिकायतों में 10 का मौके पर किया निस्तारण



**फिरोजाबाद**। डीएम रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिरसागंज में किया गया, इस दौरान राजस्व,पुलिस पूर्ति विभाग,जिला पंचायत बेसिक शिक्षा विभाग इत्यादि से संबंधित शिकायतें आई, जिनमें से कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ का जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारित करने के आदेश दिए गए। इस दौरान एक मामला राम बहादुर पुत्र गौरी शंकर निवासी ग्राम जहांगीरपुर का आया जिसमें पक्की मुडडी गड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर राजस्व निरीक्षक पुलिस क्षेत्राधिकारी चकबंदी,एस एच ओ सिरसागंज को इस मामले को निस्तारण करने के आदेश दिए गए, निस्तारण के उपरांत नियुक्त टीम जिलाधिकारी को भी अवगत कराएगी। इसी तरह धर्मवीर, लाखन सिंह,मंजेश कुमार ने शिकायत की,कि राम हटी अपने गुंडागर्दी व ताकत के बल पर सरकारी रास्ता व ग्राम सभा की जमीन पर अतिक्रमण कर अपने खेतों में जबरन मिला रखा है,और रास्ते को भी बंद कर रखा है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही साथ गांव के सभी घरों के पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। इस प्रार्थना पत्र पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए गए, इसी तरह विजेंद्र पुत्र कांता प्रसाद जो की मलाहपुर शाहजहांपुर पोस्ट धातरी का निवासी है, उसने शिकायत की, कि वह अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी मलाहपुर शाहजहांपुर के पास गया, परंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, इस पर खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया, कि संपूर्ण मामले की जांच कर आख्या उपलब्ध कराऐं, इसी तरह कुल मिलाकर 61 शिकायतें आयीं, जिनमें 10 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी सिरसागंज विकल्प, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिरसागंज एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर**। तालबेहट के वार्ड नम्बर 11 सरफयाना निवासी रामकुमार तिवारी पुत्र सुखनन्दन तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 7 मई की रात करीब 9 बजे उसका पुत्र सूरज तिवारी व उसका साथी खांदी वीआईपी निवासी राहुल साहू पुत्र ओमप्रकाश के साथ कड़ेसराकलां से पैदल आ रहे थे। वह जैसे ही कड़ेसराकलां स्थित राधास्वामी सत्संग के सामने हाई-वे 44 के सामने थे, तभी कड़ेसराकलां के कतरयाना निवासी शंकर पुत्र रतन अपने दोस्त बृजेश पुत्र वीरभान के साथ अपनी बाइक से आया और उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पुत्र घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में दाखिल कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झांसी में उसके पुत्र सूरज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# टूंडला चौराहे पर रोडवेज बसें लगाती हैं जाम

- बस स्टैंड बना हुआ है कुल्फी टिक्की स्टैंड
- सरकार किसी की भी रहे, बस स्टैंड पर दशकों से कुल्फी टिक्की का कब्जा बरकरार



**टूंडला**। नगर के सुभाष चौराहा पर आगरा से चलकर एटा कासगंज बरेली आदि तक चलने वाली रोजाना सैकड़ों रोडवेज बसें रोड किनारे स्थित बस स्टैंड से न गुजर कर सीधे रोड से ही सवारियां चढ़ाते उतारते हुए गुजरती है। जिससे इस भीषण गर्मी में सुभाष चौराहा पर जाम लग जाता है। जिससे आवागमन करने वाले यात्रियों राहगीरों और स्कूली बच्चों को जाम के झाम में फसे रहना पड़ता है। वहीं कई बार रोडवेज बसों से चढ़ने उतरने वाली सवारियां भी जाम के चक्कर में जल्दबाजी में चढ़ने उतरने पर गिरकर चोटिल हो जाती है। वहीं इस सब पर शासन प्रशासन आंख मूंदे हुए बैठा है, आखिर ऐसी क्या मजबूरी है जो शासन प्रशासन इन बसों को बस स्टैंड से होकर नहीं गुजार पा रहा है यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है, वहीं परिवहन विभाग ने बस स्टैंड को एक प्राइवेट कुल्फी वाले को दे रखा है, जिसने बस स्टैंड को कुल्फी स्टैंड बना रखा है। जिसमे कुल्फी खाने वालों के प्राइवेट वाहन पार्क होते हैं, और कुल्फी टिक्की की बिक्री होती है, प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि कुल्फी वाला परिवहन विभाग को मोटी रकम के साथ मुफ्त कुल्फी टिक्की की सेवा देता है, और कुल्फी टिक्की की मुफ्त सेवा पुलिस व अन्य सरकारी विभागों में भी निरंतर चलती है, इसी सब के बल पर व साथ ही सत्ताधारी सफेद पोसों से संबंध होने की वजह से कुल्फी संचालक ने बस स्टैंड पर दशकों से अपना कब्जा जमा रखा है। सत्ता किसी की भी हो लेकिन बस स्टैंड पर कुल्फी वाले का कब्जा बरकरार बना हुआ है। जिसे हटाने की हिमाकत आज तक कोई नहीं कर पाया है। कहने को योगी सरकार में सब कार्य नियम कायदे से कानून के दायरे में हो रहे हैं, मगर यही कायदे कानून नियम कुल्फी वाले की राजनीतिक पहुंच के चलते यहां धराशाई हो जाते हैं। वहीं चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय थाने की पुलिस पिकेट रहती है, मगर वह भी टिक्की के जायके और मीठी मीठी कुल्फी की चुस्कियों के आगे नतमस्तक है। कुल्फी वाले के खुद के सैकड़ों सेल्समैन लगे हैं, जो इन रोडवेज बसों के यात्रियों को कुल्फी बिक्री करते हैं, यहां बस चालकों को भी सेट कर रखा है, जो चौराहे पर सवारियों को चढ़ाने उतारने के अलावा बेवजह भी बसों को खड़ा करते हैं, जिससे सवारियों को ज्यादा कुल्फी बिक्री हो सके, फिर चाहे जाम लगे या जाम से किसी को कोई परेशानी हो इस सबसे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता और इस सबके लिए भी उन्हें कमीशन मिलता है। अब सोचिए इस कुल्फी वाले की कितनी बड़ी सेटिंग है, जो यहां सरकारी बस स्टैंड पर कब्जा जमा कितना बड़ा अपना निजी कारोबार जमा रखा है। शासन प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे देख रहा हैं, किसी की मजाल नहीं जो बस स्टैंड को खालीकर बस स्टैंड को सुचारू करा सके और रोडवेज बस, बस स्टैंड से गुजर सकें जिससे आम लोगों को जाम के झाम से मुक्ति मिल सके। मगर राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इससे उनको कोई फर्क नही पड़ता दिखाई दे रहा है। क्या सूबे के मुखिया और उनकी सरकार के नुमाइंदे इस पर कोई एक्शन लेंगे या यों ही दशकों से कुल्फी टिक्की वालों का कब्जा बरकरार रहेगा, यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है।

## जिले के उत्थान में निष्पक्ष कलमकार रहे पं.गोपीकृष्ण तिवारी : प्रेस क्लब

**ललितपुर**। प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष परम श्रद्धेय कीर्तिशेष पं.गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि बड़ी ही सादगी से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने जिला अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा भोजनशाला में पहुंच कर जरूरतमंदों व तीमारदारों को भोजन वितरण किया। मौके पर कीर्तिशेष पं.गोपीकृष्ण तिवारी के चित्र सम्मुख माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी जी पत्रकारिता के उत्कृष्ट मूल्यों के प्रति सदैव समर्पित रहे। उन्होंने जिले के उत्थान और विकास के लिए निडरता, निर्भीकता के साथ निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने युवा पत्रकारों से कहा कि श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी संभव है, जब हम पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास करें। तत्पश्चात उनकी स्मृति में प्रेस क्लब ने श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी के परिजनों के साथ जरूरतमंदों व असहाय व्यक्तियों को भोजन वितरण किया।

## ट्रक के अचानक ब्रेक लगने से टकराया पीछे का ट्रक, चालक की मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। राजधानी दिल्ली के ओल्ड सीमापुरी में मकान नम्बर 95 बी 350 निवासी कृष्ण कुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद ने तालबेहट पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका ड्राईवर अलीगढ़ निवासी यतेन्द्र सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह जो कि ट्रक संख्या एच.आर. 38 ए.एफ. 6813 को पानीपत से अलपी केरल लेकर जा रहा था। बताया कि 14 मई को सुबह करीब 4 बजे एन.एच. 44 आईटीआई ककड़ारी नहर के पास ट्रक संख्या एम.पी. 33 एच 1735 के चालक ने तेजी व लापरवाही से अचानक ब्रेक लगा दिये, जिससे उसका ट्रक पीछे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा डाईवर यतेन्द्र सिंह की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने कृष्ण कुमार की तहरीर पर उक्त ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 (1) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# सचिव नगर विकास विभाग, उप्र शासन ने किया नगर का दौरा

- अमृत 2.0 कार्यक्रम के तहत निर्माणाधीन परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कराने के दिये निर्देश

**ललितपुर**। नगर में शुद्ध जलापूर्ति एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नाला/नालियों की सफाई व जल निकासी व्यवस्था के स्थलीय निरीक्षण हेतु सचिव, नगर विकास विभाग, उप्र शासन अजय कुमार शुक्ला ने शनिवार को नगर का भ्रमण किया। उन्होंने रावतयाना स्थित 2000 केएल/24 मीटर क्षमता के उच्च जलाशय व इलाइट चौराहा श्मशानघाट स्थित 2700 केएल/27 मीटर क्षमता के उच्च जलाशय का निरीक्षण कर शुद्ध जलापूर्ति का जायजा लिया तथा नगर में नालों की सफाई कार्य एवं गवर्मेंट कैप्टिव प्लेटफार्म (जीसीपी) का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक समस्या वाले स्थानों पर नगर पालिका व जल संस्थान के द्वारा टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराते हुए जलश्रोतों को उपयोग में लाया जाए। इसके साथ ही नागरिक शिकायत प्रणाली को दुरुस्त किया जाए।

रावतयाना और इलाइट चौराहा श्मशानघाट स्थित उच्च जलाशयों के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि अधिशासी अभियंता जल निगम मुकेश कुमार सिंह ने बताया अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत ललितपुर नगर पालिका आवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण पेयजल योजना के तहत उक्त जलाशय बनाए जा रहे हैं, इनका कार्य जनवरी 2024 में प्रारंभ हुआ था जो जुलाई 2025 में पूर्ण होना है, परियोजनाओं पर भौतिक रूप से 60 प्रतिसत कार्य हो चुका है। इंटेक वेल का कार्य शुरू न होने पर उन्होंने सचिव महोदय से अनुरोध गोविंद सागर बांध पर अमृत 2.0 के अंतर्गत इंटेक वेल बनाने हेतु अनुमति एवं एग्रीमेंट की कार्यवाही पूर्ण करने के लिए सिंचाई विभाग को निर्देशित करने का अनुरोध किया, जिस पर सचिव नगर विकास विभाग ने लेबर बढ़ाकर निर्धारित समय में परियोजनाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सचिव ने नगर के सिद्दन रोड स्थित नाला, महिला चिकित्सालय के बाहर का नाला एवं वर्णी चौराहा छात्रावास के पास नाली सफाई कार्य को देखा, मौके पर सफाई कार्य चल रहा था, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि नगर में वर्षा ऋतु के पूर्व सभी नालों/नालियों की सफाई का कार्य कार्य जा रहा है, इसके लिए सफाई कर्मचारियों की टीम लगाई गई है, जिस पर सचिव नगर विकास ने संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज में स्थित प्राचीन बावड़ी के पुनरोद्धार कार्य को देखा, यहां पर बताया गया कि जनपद में डीएम के निर्देशन में जल संरक्षण एवं प्राचीन जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के क्रम में जनपद के प्राचीन कुओं एवं बावड़ियों के पुनर्जीवन/पुनरुद्धार का कार्य चल रहा है। नगर पालिका ने नगर क्षेत्र में 30 जल स्त्रोतों को पुनरोद्धार हेतु चिन्हित किया है, जिनमे 27 कुएं व 3 प्राचीन बावड़ियां शामिल है, सभी पर छात्र-छात्राओं के द्वारा वॉल पेन्टिंग का कार्य किया गया है।

इसके उपरांत उन्होंने सुपर मार्केट स्थित गवर्मेंट कैप्टिव प्लेटफार्म (जीसीपी) का निरीक्षण किया, यहां पर डीएम अक्षय त्रिपाठी ने सचिव के माध्यम से जनपदवासियों को दी जा रहीं हाइटेक सुविधाओं के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जीसीपी से शहर के कई इलाको में वायरलेश नेटवर्क बनाया गया है, जिससे जनपद में एक पब्लिक एड्रेस नेटवर्क बन चुका है, जीसीपी से कचरा प्रबंधन एफएसएसएम वाहनों की लाइव ट्रेकिंग की जा रही है तथा सभी सार्वजनिक स्थलों व चिन्हित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं जिन्हें जीसीपी से कण्ट्रोल किया जा रहा है, इमरजेंसी में जीसीपी संचालित कैमरों के सामने 3 बार हाथ हिलाने पर तत्काल मदद पहुंचाई जाती है। इसके अलावा घंटाघर के पास फ्री वाईफाई जोन की स्थापना भी की गई है और शेष स्थानों पर फ्री वाईफाई स्थापित कराये जा रहे है। जनशिकायतों की सुनवाई व निस्तारण हेतु टोलफ्री नम्बर 1533 व 14420 का संचालन के साथ प्रतियोगी छात्र छात्राओं के लिए परीक्षाओं के फ्री टेस्ट सीरीज भी इस पर उपलब्ध है।

## साध्वियों पर हमला करने वालों की संतों ने की निंदा

**वृंदावन**। पानी घाट स्थित हुड़दंग नगर में बरसों से निवास कर रही जगद्गुरु कृपालु महाराज की शिष्या कीर्ति मिश्रा और संयुक्ता कुमारी गौशाला का संचालन करती हैं, जिसमें निराश्रित और लाचार गायों की सेवा होती है। उनके भोजन के लिए भूसे और चारे की गाड़ियां जिस रोड से होकर आती हैं उसे रोड पर पास में ही रहने वाले एक संत द्वारा गाटर लगा कर मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा था। दोनों साध्वियों ने जब इसका विरोध किया तो उक्त साधु ने अपने सहयोगियों के साथ महिलाओं के घर में घुसकर लाठी सरिया से मारपीट की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसी संदर्भ में परिक्रमा मार्ग स्थित मोर कुटी आश्रम में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर दोनों साध्वी बहनों ने बताया कि उक्त संत कुछ वर्ष पूर्व से यहां आकर रह रहे हैं, और हमें बराबर प्रताड़ित करते रहते हैं, ताकि हम यहां से गौशाला छोड़कर चलें जाए।

## जांच ग्रहण से पूर्व नवागत नगर आयुक्त ने किये बांकेबिहारी के दर्शन



**मथुरा**। मथुरा-वृंदावन नगर निगम को नया नगर आयुक्त मिल गया है। सीडीओ बरेली से स्थानांतरित होकर आए आईएएस जग प्रवेश ने शनिवार मथुरा पहुंचकर अपने पद की औपचारिक जिम्मेदारी संभाल ली। चार्ज ग्रहण करने से पहले उन्होंने वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मथुरा पहुंचने पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। उन्हें पटुका और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मथुरा आये नवनियुक्त नगर आयुक्त बांके बिहारी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बांके बिहारी महाराज के दर्शन किए और फूल बंगला श्रृंगार में आराधना की। मंदिर के पुजारियों ने नवागत नगर आयुक्त को भगवान का प्रसादी, अंगवस्त्र एवं पटका प्रदान किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक और सह नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने उनका मंदिर परिसर में स्वागत किया। बांके बिहारी जी के दर्शन के उपरांत जग प्रवेश ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर आधिकारिक रूप से नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। नगर निगम में उनके आगमन से नगर प्रशासन में नई ऊर्जा और दिशा की उम्मीद की जा रही है।

## जयगुरूदेव आश्रम में शुरू हुआ पांच दिवसीय वार्षिक भंडारा सत्संग मेला

**मथुरा**। जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला के पहले दिन राष्ट्रीय उपदेशक बाबूराम और सतीश चन्द्र ने श्रद्धालुओं को मानव तन, सतगुरु की महिमा को बताया और बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के वचन वाणियों को याद कराया। बाबूराम ने ह्लपढ़ना लिखना चातुरी यह तो बात सहल, काम दहन मन वश करन, गगन चढ़न मुश्किल ।ह्ल पंक्ति को उद्धृत करते हुये कहा कि पढ़ाई-लिखाई और नौकरी व चतुराई करना आसान काम है लेकिन काम यानि वासनाओं को खत्म करना, मन को वश में करना और जीवात्मा को शब्द (नाम) के साथ जोड़ना ये तीन काम करना बहुत मुश्किल है। हम लोग बड़े भाग्यशाली हैं, यह अनमोल मानव तन मिला हुआ है और सत्गुरु का सानिध्य प्राप्त हुआ है। यदि ये तीन काम नहीं किये तो मानव जीवन बेकार हो जायेगा। मानव तन की महिमा का वर्णन नहीं किया जा सकता है। देवता इस तन को पाने के लिये याचना करते हैं, लेकिन मिलता नहीं है। इस तन में दसवां दरवाजा है जिसका भेद सत्गुरु के सत्संग में मिलता है। यह दसवां दरवाजा गुरु की दया कृपा से जब खुल जाता है तो जीवात्मा शब्द को पकड़ कर अपने निजघर सतलोक पहुंच जाती है। जन्म मरण के बन्धन से सदा के लिये छुटकारा पा जाती है। जब भी साधक अपने गुरु आदेश के पालन से अलग होने लगता है तो उसके पतन की शुरूआत हो जाती है। इसलिये बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के द्वारा चलाये गये शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध के प्रचार अभियान में निरन्तर लगे रहें। जब तक आप ईमानदारी और मेहनत से घर, दुकान, दफ्तर का काम करते रहे तब तक खुशहाल थे। बुरी संगत से परमार्थ चला जाता है। इसलिये सत्य का संग अधिक से अधिक करना चाहिये। सतीश चन्द्र ने कहा कि सतयुग, त्रेता और द्वापर ये तीनों युग ब्रह्म निरंजन के अधीन हैं।

# सैनिकों के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

- तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति हुए शामिल



**फिरोजाबाद**। भाजपा द्वारा सिरसागंज में नगर पालिका परिषद परिसर से सुभाष चौराहा सिरसागंज तक भारतीय सैनिकों के शौर्य, पराक्रम के सम्मान में विशाल एवं भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जयवीर सिंह सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार धर्मवीर प्रजापति व उदय प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद परिसर सिरसागंज से यात्रा में उपस्थित मंत्री गणों ने तिरंगा यात्रा हाथ में लेकर यात्रा की शुरूआत की। तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर तले आयोजित की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और सशस्त्र बलों की तस्वीरों का उपयोग किया गया। यात्रा में हम सेना के साथ और ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र का एक बड़ा बैनर लेकर विद्यालयों के छात्रों व प्रबुद्धजनों ने संचलन किया। यात्रा में भारत की जीत सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्द्धसैनिक बलों को धन्यवाद देने हेतु, पाकिस्तान और उसकी सेना की निंदा करने वाली तख्तियों का इस्तेमाल किया गया। तिरंगा यात्रा में 100 मीटर का तिरंगा लेकर सेवानिवृत्त फौजी, बृहद स्तर पर समाज, पुरस्कृत पूर्व सैनिकों, अन्य पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिवारों, छात्रों, साधु संतों की उपस्थिति रही। यात्रा शांतिपूर्ण, संगठित, व उत्साह से भरी रही। देशभक्ति के गीत बजाए गए व देशभक्ति के नारे भी लगाए गए। यात्रा का समापन उपस्थित अतिथि गणों ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। तिरंगा यात्रा में सिरसागंज चेयरमैन रंजना गुरुदत्त सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय प्रताप यादव छोटू, ब्लॉक प्रमुख अरांव कमलेश राजपूत पूर्व चेयरमैन राघवेंद्र सिंह, गुरुदत्त सिंह जिला मीडिया संयोजक अमित गुप्ता, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, सचिन जैन गोपाल कृष्ण सिंह धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू अतुल शुक्ला रेनू उपाध्याय, ज्योति गुप्ता विजय रानी आशा पूर्व सभासद श्वेता पोरवाल, रजुला तोमर, शिवजीत सिंह वीरू धाकरे यशपाल यादव, राजवीर सिंह, मंजेश शर्मा, मोनू कुशवाहा, सागर गुप्ता अजीत राजपूत केशव गुप्ता, विपिन शिवहरे अजय सिंह अभिषेक कठेरिया संदीप पाल, अखिलेश गौतम, संजय सिंह, उपदेश यादव, कुक्कू राठौर, वेद प्रकाश, अतुल दिवाकर, शुभम पोरवाल, नरेंद्र सिंह, रवि यादव, राकेश शर्मा आनंद पाल श्याम नरेंद्र, सनी ठाकुर, सर्वेश कुमार, संदीप पाल, अभिषेक कठेरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार बना बजाज पावर प्लांट का फील्ड ऑफिसर

**ललितपुर**। मैं सीबीआई से बोल रहा हूँ...एक सामान्य सा वाक्य, लेकिन इसी एक वाक्य से शुरू हुई वो साइबर ठगी की कहानी जिसने बजाज पावर प्लांट के फील्ड ऑफिसर मनीष कुमार सिंह को न केवल 14 लाख रुपये की आर्थिक क्षति दी, बल्कि मानसिक संताप और भयभीत करने वाला अनुभव भी सौंपा। मूल रूप से वाराणसी निवासी मनीष कुमार सिंह वर्तमान में बजाज पावर प्लांट, ललितपुर में फील्ड ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं। 9 मई 2025 की शाम 7.30 बजे उनके व्हाट्सएप पर एक कॉल आई, जिसमें खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने उन्हें धमकाया कि उनका पार्सल चेन्नई पोर्ट पर पकड़ा गया है और वे जेल जा सकते हैं। डर के मारे मनीष ने तुरंत कॉल डिलीट कर दी, पर जल्द ही एक और कॉल आया, इस बार एक आईपीएस अधिकारी की डीपी लगी हुई थी। इस व्यक्ति ने भी खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और मनीष को डराकर कई बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। कुल मिलाकर मनीष सिंह से करीब 14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4), 316(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी, 66सी के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।




## संक्षेप

### इटैलियन ओपन : सिनर की भिड़ंत अल्कारेज से

रोम। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को यहां टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

### भारतीय निशानेबाजी से दर्शकों को आकर्षित करेंगे : एनआरएआई

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने कहा कि महासंघ फ्रेंचाइजी आधारित भारतीय निशानेबाजी लीग से दर्शकों को आकर्षित करने करने का प्रयास करेगा और वह विदेशी संस्थाओं द्वारा हिस्सेदारी खरीदने के खिलाफ नहीं है। देव ने यह बात महासंघ की इस टूर्नामेंट पर अहम फैसले लेने के लिए हुई बैठक के बाद कही। लीग का शुरूआती चरण इस साल के अंत में आयोजित किया जाना है। खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने आधिकारिक तौर पर लीग के लिए नवंबर-दिसंबर की विंडो आवंटित की है और इसके 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित होने की संभावना है। लीग में छह से आठ टीमों के मालिक होंगे और नीलामी के माध्यम से खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई जाएगी। प्रत्येक टीम में 12 एथलीट (छह पुरुष, छह महिला) शामिल होंगे जिनमें अधिकतम चार विदेशी खिलाड़ी (दो पुरुष, दो महिला) शामिल होंगे। देव ने शनिवार को एनआरएआई की संचालन परिषद की बैठक के बाद कहा, हमने (संभावित) फ्रेंचाइजी के साथ बातचीत शुरू कर दी है। लेकिन मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि कोई विदेशी फ्रेंचाइजी इसमें दिलचस्पी क्यों लेगी क्योंकि वे इसमें हिस्सेदारी नहीं ले सकते। यह निश्चित रूप से देश के कानून के अधीन ही है।

### कर्नाटक की अवनि चैंपियन बनीं

मुंबई। कर्नाटक की अवनि उडिपी शनिवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स फिडे रेटिंग टूर्नामेंट में महाराष्ट्र के मयूरेश पारकर के मुकाबले बेहतर टाईब्रेकर स्कोर के आधार पर चैंपियन बनीं। बीस वर्षीय अवनि (फिडे रेटिंग 1669) ने पारकर (फिडे रेटिंग 1757) के समान सात अंक हासिल किए। मुख्य निर्णायक अजिंक्य पिंगले ने उन्हें विजेता घोषित किया। अवनि ने 36.5 का टाई-ब्रेक स्कोर हासिल किया जबकि पारकर ने 32 का स्कोर बनाया। छह प्रतियोगियों ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरे से आठवें स्थान पर जगह बनाई।

### दीक्षा 70 के कार्ड के साथ डच संयुक्त चौथे स्थान पर

हिल्वरसम (नीदरलैंड)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर डच लेडीज ओपन के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया था। उनका कुल स्कोर तीन अंडर है। उन्होंने दूसरे दौर में पांच बर्डी के मुकाबले तीन बोगी लगाई। दूसरे दौर में सभी खिलाड़ियों का खेल अभी खत्म नहीं हुआ लेकिन इंग्लैंड की मिमी रोड्स छह अंडर (69-69) के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। अन्य भारतीयों में शुरुआती दिन 73 का कार्ड खेलने वाली अवनी प्रशांत दूसरे दौर में 17 होल तक 2-अंडर पर थी। वह कट में प्रवेश पाने की स्थिति में है।

# बारिश ने डाला खेल में खलल

## आरसीबी-केकेआर मैच के ओवर्स कम होंगे, दोनों टीमों को एक-एक अंक



एजेंसी

बेंगलुरु । बारिश ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोके गए कढछ2025 की वापसी एक दिन टाल दी है। शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फउइ) और कोलकाता नाइट राइडर्स (ङङ्फ) के बीच का मैच बेनतीजा रहा है। इसके साथ ही कोलकाता की टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है, जबकि बेंगलुरु मौजूदा सीजन के पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार शाम से बारिश शुरू हो गई, जो कि देर रात तक चलती रही। ऐसे में मैच को रद्द कर दिया गया। इससे पहले, कोहली के फैंस उन्हें ट्रिब्यूट देने के लिए तेज बारिश के बावजूद 18 नंबर की सफेद जर्सी में पहुंचे थे। एक ने तो अपने शरीर में विराट कोहली का टैटू बनवाया था।

इस मुकाबले में विराट कोहली मौजूदा सीजन के टॉप स्कोरर बन सकते हैं। वे 505 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। कोहली ऑरेंज कैप से 5 रन दूर हैं। दोनों टीमें सीजन में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इस सीजन का पहला ही मैच इन्ही दोनों टीमों के बीच खेला गया था। उस मैच में बेंगलुरु ने कोलकाता को 7 विकेट से हराया था। फैंस विराट कोहली को ट्रिब्यूट देने के लिए सफेद जर्सी में पहुंचे हैं। ओडिशा के मनोज ने सीने में कोहली का टैटू बनवाया। बारिश के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल मैच में देरी हो रही है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बारिश फिर शुरू हो गई है। रात 8:30 बजे के बाद ओवर्स में कटौती शुरू हो गई है। 5-5 ओवर के मैच के लिए कटऑफ टाइमिंग रात 10.56 बजे है।

### फिट होने पर टेस्ट कप्तानी के लिए पहली पसंद बुमराह वर्ना शुभमन गिल : इशांत शर्मा

नयी दिल्ली। अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा का कहना है कि इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की अगुआई जसप्रीत बुमराह करें और शुभमन गिल को यह पद तभी दिया जा सकता है जब यह तेज गेंदबाज पांच मैच की पूरी टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट नहीं हो। भारतीय टीम के इंग्लैंड रवाना होने से कुछ सप्ताह पहले रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कप्तानी की बहस तेज हो गई है। यह श्रृंखला 20 जून से चार अगस्त तक चलेगी। इशांत ने शनिवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम पर पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा अगर बुमराह फिट हैं तो मैं कहूंगा कि बुमराह। वह पहली पसंद हैं। उनके पास इतना अनुभव है। लेकिन अगर वह सभी पांच टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे तो जाहिर तौर पर शुभमन गिल। इकतीस वर्षीय बुमराह इससे पहले 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ रिशेड्यूल किए गए पांचवें टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया में 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले और पांचवें टेस्ट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। हालांकि उनकी फिटनेस को लेकर चिंता बनी हुई है।

# प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया



बुकारेस्ट। भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा , अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिये धन्यवाद। प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जायेगा।

**दिल्ली ग्रैंडमास्टर ओपन सात जून से**

नयी दिल्ली। दुनिया भर के 15 से अधिक देशों के 20 ग्रैंडमास्टर्स सहित ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी सात से 14 जून तक यहां होने वाले दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 21वें सत्र में तीन रेटिंग आधारित वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपये है। यह फिडे विश्व चैंपियनशिप सर्किट की एक प्रमुख प्रतियोगता है। श्रेणी ए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेटिंग हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए खुली है जिसकी इनामी राशि 51 लाख रुपये है। श्रेणी बी और सी क्रमशः 1900 और 1700 से कम रेटिंग वाले खिलाड़ियों के लिए है और प्रत्येक वर्ग की इनामी राशि 35 लाख रुपये है। सभी मैच स्विस सिस्टम प्रारूप के तहत फिडे नियमों के अनुसार खेले जाएंगे। दिल्ली शतरंज संघ के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने एक विज्ञप्ति में कहा, पिछले दो दशक में दिल्ली ग्रैंडमास्टर ओपन ने ना केवल भारत में शतरंज की प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखा है बल्कि इसे आगे बढ़ाने में भी मदद की है। उन्होंने कहा हमने खेल को हाशिये से मुख्यधारा में आते देखा है और यह टूर्नामेंट भागीदारी के पैमाने से लेकर प्रतिस्पर्धा की गहराई और इसे समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे तक, हर मायने में उस बदलाव को दर्शाता है। हर टूर्नामेंट के साथ हम देश में एक स्थायी, उच्च प्रदर्शन वाली शतरंज संस्कृति की नींव को मजबूत कर रहे हैं। श्रेणी ए के मुकाबलों में क्लासिकल टाइम कंट्रोल का इस्तेमाल किया जाएगा जिसमें शुरुआती 90 मिनट और हर चाल के बाद 30 सेकेंड का इजाफा होगा। शीर्ष तीन खिलाड़ियों को क्रमशः सात लाख, छह लाख और पांच लाख रुपये की इनामी राशि मिलेगी जबकि सभी शीर्ष दस खिलाड़ियों को एक लाख रुपये या उससे अधिक का पुरस्कार दिया जाएगा। श्रेणी ए में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ विदेशी खिलाड़ी को एक लाख रुपये का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा।

### टेटे विश्व चैंपियनशिप : युगल में भारत को मिली सफलता

दोहा। भारत की नंबर एक खिलाड़ी श्रीजा अकुला पहले दौर में हार गईं, लेकिन मुखर्जी बहनों (अयहिका और सुतिर्था) के साथ दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी ने शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में अपने-अपने महिला युगल के शुरुआती मैच जीत लिए। मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल भारतीय जोड़ी ने भी जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। अपने खेल में आमतौर पर बेहद कम गलतियां करने वाली अकुला थाईलैंड की सुथासिनी सावेत्ता से 1-4 (11-9 8-11 6-11 5-11 2-11) से हार गईं। यह भारतीय खिलाड़ी के लिए निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि वह दुनिया की 84वें नंबर की खिलाड़ी से हारकर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गयी। श्रीजा पहला गेम जीतने के बाद अपनी लय गवां बैठीं और लगातार गलतियां करते हुए महज 33 मिनट में हार गयी। एशियाई खेलों की पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था ने तुर्की की ओजगे यिलमाज और एसे हाराक की जोड़ी को पांच गेमों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (4-11 11-9 10-12 11-9 11-7) से हराया। इस परिणाम का मतलब है कि भारतीय जोड़ी ने छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए आईटीटीएफ विश्व चैम्पियनशिप के अगले दौर में प्रवेश किया। दीया और यशस्विनी की दूसरी भारतीय महिला युगल जोड़ी भी उज्बेकिस्तान की मैग्डिवा और एर्केबेवा की जोड़ी को 3-1 (9-11 11-2 11-9 11-8) से हराकर प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गई।

# आईपीएल : घरेलू मैच में प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा राजस्थान

एजेंसी



जयपुर। पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है।

एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। पंजाब की टीम 11 मैच में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन वे आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 विकेट चटकाकर काफी प्रभाव डाला था। हालांकि पंजाब के पास कप्तान अय्यर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहल वढेरा की मौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत दल है और भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद विदेशी खिलाड़ियों के जाने के बावजूद टीम पर अधिक असर नहीं पड़ा है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और फॉर्म में चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल से टीम को काफी उम्मीद होगी।

चहल ने 11 मैच में 14 विकेट लिए हैं जिसमें 28 रन पर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। चोटिल लॉकी फर्ग्युसन की जगह न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन के आने से रॉयल्स के खिलाफ पंजाब की टीम संतुलन हासिल कर सकती है जबकि इसके बाद स्टोइनिस और इंगलिस टीम से जुड़ जाएंगे। पंजाब की टीम एक बार फिर अपने बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर होगी जो धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने के करीब थे और उन्होंने मैच रद्द होने से पहले केवल 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। इस प्रदर्शन से उन्हें रॉयल्स के खिलाफ पर्याप्त आत्मविश्वास मिलेगा। मेजबान टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और 12 मैच में केवल तीन जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। रॉयल्स की टीम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी लेकिन इसके लिए उसे अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि उसने अपने पिछले पांच में से चार मैच गंवाए हैं। टीम के लिए चौदह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शानदार शतक जड़कर दुर्लभ पारी खेली थी लेकिन रॉयल्स की टीम हर बार इस तरह की व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर नहीं रह सकती। चोट के कारण अधिकांश सत्र से बाहर रहे नियमित कप्तान संजू सैमसन की अनुपस्थिति ने रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में बड़ा खालीपन पैदा किया है।

### युकी और गैलोवे बॉरडॉक्स चैलेंजर के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। युकी और गैलोवे सेमीफइनल में राफेल माटोस और मार्सेलो मेलो की तीसरी वरीय ब्राजीली जोड़ी से भिड़ेंगे। भारत के अन्य दावेदार टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वरेला युगल क्वार्टर फाइनल में हार गए जबकि एकल ड्रॉ में सुमित नागल को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

# लखनऊ सनराइजर्स ने लखनऊ सुपर किंग्स 9 विकेट से हराया

- दूसरे मैच में लखनऊ इंडियंस ने लखनऊ रॉयल चैलेंजर्स को 55 रनों ने हराया
- डीआरएम ने किया रेलवे डिवीजनल क्रिकेट लीग टी-20 क्रिकेट टूनार्मेन्ट का शुभारम्भ

लखनऊ ।पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल क्रीड़ा संघ द्वारा ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित अंतर-विभागीय डिवीजनल क्रिकेट लीग टी-20 टूनार्मेंट का शुभारंभ डीआरएम गौरव अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने टूनार्मेंट में भाग ले रही सभी टीमों के कप्तानों और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस टूनार्मेंट में लखनऊ रॉयल चैलेंजर्स, लखनऊ इंडियंस, लखनऊ सनराइजर्स एवं लखनऊ सुपर किंग्स कुल चार टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच लीग कम नॉकआउट प्रणाली के आधार पर खेले जाएंगे। अपने सम्बोधन में गौरव अग्रवाल ने खेलों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और सामूहिकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। यह टूनार्मेंट हमारे कर्मचारियों के बीच एकता और उत्साह को प्रोत्साहित करने का एक शानदार मंच है। उन्होंने आगे कहा, मैदान पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हमें कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देती है।

# आईपीएल : दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत गुजरत टाइटंस से

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके। दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा।

धर्मशाला में दिल्ली का पिछला मुकाबला जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बीच में ही रद्द कर दिया गया था जिसके बाद लीग को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा रहा है लेकिन कई विदेशी खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वापस नहीं आ रहे जिससे फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दिल्ली की टीम अभी 11 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बाकी सत्र के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया का यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज 14 विकेट लेकर मौजूदा सत्र में अब तक टीम का सबसे सफल गेंदबाज है और उनकी अनुपस्थिति दिल्ली के लिए बड़ा झटका है। दिल्ली को हालांकि उस समय राहत मिली जब उसने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपने साथ जोड़ा जिन्हें शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला।

अनुभवी मुस्ताफिजुर ने आईपीएल में 7.84 के इकोनॉमी रेट से 38 विकेट लिए हैं। उनसे उम्मीद की जाएगी कि वह गुजरात के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जो जूझ रहा है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने घरेलू मैदान पर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इस सत्र में अरुण जेटली स्टेडियम में उसे सिर्फ एक जीत मिली है और वह भी सुपर ओवर के जरिए। दिल्ली और गुजरात की टीम जब पिछली बार 19 अप्रैल को भिड़ी थीं तो टाइटंस ने जोस बटलर की 54 गेंद पर 97 रन की पारी से 200 से अधिक के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की थी। हाल के मुकाबलों में दिल्ली की समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में उनका शीर्ष और मध्यक्रम लड़खड़ा गया जबकि पंजाब किंग्स ने उनके गेंदबाजों की खूब धुनाई की जिन्होंने धर्मशाला में मैच रद्द होने से पहले सिर्फ 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। दुष्मंता चमीरा और मुकेश कुमार की मौजूदगी वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण को जूझना पड़ा है जिससे मुस्ताफिजुर की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी।

दिल्ली की बल्लेबाजी में भी निरंतरता की कमी है। पांच मई को अपने पिछले पूर्ण मैच में दिल्ली ने सनराइजर्स के खिलाफ 29 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। धर्मशाला में टीम को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। अनुभवी सलामी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी की वापसी से दिल्ली को मजबूती मिलेगी।

### सैफ अंडर-19 खिताबी मुकाबले में भारत जीत का मजबूत दावेदार

यूपिया (अरुणाचल प्रदेश)। भारतीय टीम सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को यहां चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश टूर्नामेंट में अब तक के दबदबे वाले अजेय क्रम को जारी रखने की होगी। ग्रुप चरण में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद भारत जीत का प्रबल दावेदार है। टीम ने ग्रुप चरण में श्रीलंका को 8-0 और नेपाल को 4-0 से धूल चटाने के बाद सेमीफाइनल में मालदीव को 3-0 से रौंदा। बांग्लादेश भी अब तक अजेय है। उसने मालदीव के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस टीम ने भूटान को 3-0 से हराने के बाद अंतिम चार में नेपाल की चुनौती को 2-1 से खत्म किया। मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस की देखरेख में अगर भारतीय टीम रविवार को चैंपियन बनती है तो यह इस आयु वर्ग में उसका 10वां खिताब होगा। भारत ने अंडर-15, अंडर-16 और अंडर-17 टूर्नामेंट दो-दो बार जीते हैं, जबकि अंडर 18, अंडर 19 और अंडर 20 टूर्नामेंट एक-एक बार जीते हैं। फर्नांडिस के कोच रहते टीम तीन बार चैंपियन बनी है। फर्नांडिस ने मैच पूर्व संध्या पर कहा, हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। यह एक अच्छा मुकाबला होगा और हम दर्शकों का उसी तरह मनोरंजन करेंगे जिस तरह हमने पिछले तीन मैचों में किया है। बांग्लादेश के मुख्य कोच गोलाम रोब्बानी चोटन ने कहा, हमारे लड़कों ने अब तक सभी मैचों में अच्छी फुटबॉल खेली है।

# नीरज के भाले ने तय की 90 मीटर से अधिक दूरी

एजेंसी



दोहा। भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में शुक्रवार को जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका। इससे पहले तक चोपड़ा शीर्ष पर चल रहे थे। वेबर ने भी पहली बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंका है और ऐसा करने वाले वह दुनिया के 26वें खिलाड़ी बन गए। दो बार के विश्व चैम्पियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स 84.65 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने बाद में कहा मैं 90 मीटर की बाधा पार करके बहुत खुश हूं लेकिन यह खट्टा मीठा अनुभव रहा। उन्होंने कहा मेरे कोच जान जेलेंजी ने कहा कि आज मैं 90 मीटर पार कर सकता हूं। हवा ने मदद की और मौसम थोड़ा गर्म होने से भी मदद मिली। मैने जूलियन से भी कहा था कि हम 90 मीटर थ्रो कर सकते हैं। मैं उसके लिये बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि आने वाले टूर्नामेंटों में इससे आगे का थ्रो कर सकता हूं। हम कुछ पहलुओं पर काम करेंगे और इस सत्र में फिर 90 मीटर पार करेंगे। भारत के किशोर जेना 78.60 मीटर का थ्रो फेंककर आठवें स्थान पर रहे। चोपड़ा ने 88.44 मीटर से शुरूआत की और दूसरा थ्रो फाउल रहा। दो ओलंपिक पदक जीत चुके 27 वर्ष के चोपड़ा ने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद उन्होंने 80.56 मीटर, फाउल और 88.20 मीटर के थ्रो फेंके। उनके मौजूदा कोच चेक गणराज्य के जान जेलेंजी 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंकने वाले भालाफेंक खिलाड़ियों में शीर्ष पर हैं। तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए। ओलंपिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं। चोपड़ा ने पहली बार दोहा डायमंड लीग में 2018 में भाग लिया था जब वह 87.43 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2023 में यहां 88.67 मीटर का थ्रो फेंककर पहला स्थान हासिल किया और 2024 में 88.36 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। वहीं दूसरी ओर

दोहा डाइमंड लीग में नीरज चोपड़ा के लिए प्रदर्शन खट्टा-मीठा रहा क्योंकि वह आखिरकार 90 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। ग्रोइन की चोट लगभग ठीक होने के साथ इस स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी को इस सत्र में 90 मीटर से अधिक के और थ्रो करने की उम्मीद है। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया और 90 मीटर या इससे अधिक करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिसकी अगुआई उनके वर्तमान कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी कर रहे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे एशियाई और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बने। हालांकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने बाजी पलट दी और अपने छठे और अंतिम थ्रो में 91.06 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीता। अपने कंधों से बोझ उतरने के बाद नीरज ने कहा कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है और प्रशंसक इस साल उनसे 90 मीटर की और थ्रो की उम्मीद कर सकते हैं। अब आत्मविश्वास से भरे और चोट मुक्त नीरज जेलेजनी के मार्गदर्शन में कुछ पहलुओं को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पिछले साल नवंबर में जेलेजनी को नीरज के कोच के रूप में नियुक्त किया गया था।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों पर सटीक हमला

## ओसामा बिन लादेन को ढेर किए जाने जैसा है यह सैन्य अभियान : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान में अमेरिकी सेना द्वारा ओसामा बिन लादेन को ढेर किए जाने के बीच समानताएं हैं। उपराष्ट्रपति ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमलों को भारत द्वारा अब तक का सबसे बड़ा सीमा पार हमला बताया और 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका में हुए आतंकवादी हमलों का जिक्र किया। लादेन का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि अमेरिका में 11 सितंबर के हमलों की योजना बनाने और उसे अंजाम देने वाले एक वैश्विक आतंकवादी को अमेरिकी सेना ने दो मई, 2011 को इसी तरह निपटाया था।

जयपुरिया संस्थानों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा भारत ने यह कर दिखाया है। और दुनिया के सामने यह किया है। उन्होंने कहा एक नया वैश्विक मानक स्थापित किया गया है। शांति की भावना को बनाए रखते हुए, आतंकवाद पर प्रहार करना उद्देश्य रहा है। पहली बार, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ों पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार सटीक हमले किए गए। धनखड़ ने कहा कि हमले इतने सटीक थे कि केवल आतंकवादियों को ही नुकसान पहुंचा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार से वैश्विक समुदाय को एक संदेश दिया था। उन्होंने कहा वह खाली कहने की बात नहीं थी।



### भारत विरोधी देशों की अर्थव्यवस्था की मदद नहीं कर सकते

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोग आयात या यात्रा के जरिए उन देशों की अर्थव्यवस्थाओं की मदद नहीं कर सकते जो भारत के हितों के प्रतिकूल हैं। धनखड़ की यह टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ सैन्य टकराव में पाकिस्तान को समर्थन देने के बाद तुर्किये और अजरबैजान के व्यापार और पर्यटन बहिष्कार के बीच आई है। उन्होंने कहा क्या हम उन देशों को सशक्त बना सकते हैं जो हमारे हितों के प्रतिकूल हैं? समय आ गया है जब हममें से प्रत्येक को आर्थिक राष्ट्रवाद के बारे में गहराई से सोचना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हर चीज का मूल्यांकन

# समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सत्य का साथ नहीं देते



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सच के लिए खड़े होने को तैयार नहीं हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से पूछा कि वह 2017 के भिवंडी पार्षद हत्या मामले में मौखिक गवाही के लिए बड़ी संख्या में गवाहों पर क्यों निर्भर है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वरसिंह की पीठ कांग्रेस पार्षद हत्याकांड के कथित मुख्य साजिशकर्ता प्रशांत भास्कर म्हात्रे की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने राज्य के वकील को महत्वपूर्ण गवाहों की सूची प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिनकी जांच कर मामले में आरोपी को दोषी साबित किया जा सके।

राज्य सरकार के वकील ने जब कहा कि उन्हें आरोपपत्र में बताए गए 200 गवाहों में से 75 गवाहों से पूछताछ करने की जरूरत है, तो पीठ ने कहा समाज के बिगड़ते चरित्र के कारण आजकल लोग सच के लिए खड़े होने को तैयार नहीं हैं। आप इतने सारे गवाहों की गवाही पर क्यों भरोसा कर रहे हैं? हां, गैंगस्टरों द्वारा गवाहों पर दबाव डालने का खतरा है जो बाद में अपने बयान से पलट जाते हैं क्योंकि दुर्भाग्य से इस देश में गवाहों की सुरक्षा के लिए कोई कार्यक्रम नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मामले में महत्वपूर्ण गवाहों की सूची प्रस्तुत करने के बाद वह मुकदमे को तेजी से पूरा करने के लिए समय-सीमा तय करेगी। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों की जांच की जिनमें से 10 मुकर गए। पीठ ने वकील से म्हात्रे के आपराधिक इतिहास के बारे में पूछा जिस पर उन्होंने कहा कि आरोपी पर 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। म्हात्रे के वकील ने कहा कि उनके खिलाफ दर्ज कई मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया है और अदालत से उन्हें जमानत देने का आग्रह किया क्योंकि वह 2017 से जेल में हैं। पीठ ने म्हात्रे के वकील से कहा यहां से किसी चमत्कार की उम्मीद न करें।

संक्षेप

### भारत-पाक मामले में उचित श्रेय कभी नहीं दिया जायेगा : ट्रंप

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान से बातचीत करना और उन्हें (पूर्ण युद्ध) के कगार से वापस लाना उनकी इतनी बड़ी सफलता है कि उसका उचित श्रेय उन्हें कभी नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुत नफरत है और तनाव उस स्तर पर पहुंच गया था जहां अगला चरण संभवतः परमाणु (इस्तेमाल) था। ट्रंप ने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज से एक साक्षात्कार में कहा, यह मेरी इतनी बड़ी सफलता है कि इसका उचित श्रेय मुझे कभी नहीं मिलेगा। वे बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। उनमें जरा भी समानता नहीं है। वे आक्रोशित थे। साक्षात्कार के दौरान ट्रंप से पश्चिम एशिया की उनकी यात्रा से पहले की विदेश नीति की कुछ सफलताओं का जिक्र करते हुए पूछा गया कि क्या उन्होंने भारत और पाकिस्तान को फोन किया था। ट्रंप ने जवाब दिया,हां, मैंने किया था। साक्षात्कार लेने वाले ने कहा कि यह एक सफलता है। ट्रंप ने कहा क्या आपने देखा कि यह (संघर्ष) किस दिशा में जा रहा था? यह जैसे को तैसा की तरह था। यह गहराता जा रहा था। मेरा मतलब है कि मिसाइलों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा था। दोनों मजबूत हैं। लिहाजा अगले जिस चरण पर यह पहुंचने वाला था, आप जानते हैं कि वह क्या है? एन।

# पंजाब : पूर्व पुलिस अधिकारी की 1.29 करोड़ की संपत्ति कुर्क

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने पंजाब पुलिस के एक पूर्व अधिकारी के खिलाफ जारी जबरन वसूली से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत आरोपी की 1.29 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

> ईडी ने जबरन वसूली मामले में

संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में बताया कि पुलिस के पूर्व सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) आशीष कपूर के खिलाफ यह कार्वाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है।

एजेंसी ने बताया कि इन संपत्तियों की कीमत 1.29 करोड़ रुपये है। धन शोधन का यह मामला पंजाब पुलिस की दो प्राथमिकियों पर आधारित है, जिसमें कपूर के खिलाफ दो व्यक्तियों से पुलिस हिरासत में और बाद में जेल में रहने के दौरान कथित तौर पर जबरन वसूली के आरोप लगे थे। बयान के अनुसार, आरोप है कि अधिकारी ने आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों से नकदी और सोने के आभूषण लिये थे।

# हिंदुत्व छोडकर नरक में गिरे उद्धव ठाकरे : शिंदे

एजेंसी



ठाणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत की लिखी पुस्तक के विमोचन से पहले पार्टी पर निशाना साधते हुए सत्ता के लिए दिवंगत बाल ठाकरे की हिंदुत्व विचारधारा को त्यागने का आरोप लगाया है।

राउत की किताब नरकतला स्वर्ग (नरक में स्वर्ग) का शनिवार शाम को मुंबई में विमोचन किया जाएगा। शिंदे ने शुक्रवार रात ठाणे में संवाददाताओं से कहा, अगर वे बालासाहेब ठाकरे के आदर्शों के प्रति वफादार रहे होते, तो वे नरक में नहीं गिरते और आज ऐसी स्थिति में नहीं पहुंचते जहां वे अब स्वर्ग की तलाश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे हिंदुत्व की विचारधारा में पूरी तरह से निहित थे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे नेताओं के प्रति उनके मन में अपार सम्मान था। उन्होंने कहा, बालासाहेब ने गुजरात और देश के लिए उनकी प्रतिबद्धता और काम को पहचाना था।

ठाकरे की दूरदर्शिता ने मोदी-शाह को हिंदुत्व के सही पथप्रदर्शक के रूप में पहचाना। उद्धव ठाकरे का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि जो लोग अब कांग्रेस के साथ जुड़ गए हैं और बालासाहेब के आदर्शों को त्याग दिया है, वे उनके फैसलों के पीछे के कारणों को कभी नहीं समझ पाएंगे। उन्होंने कहा,वे उनकी विरासत से बहुत दूर चले गए हैं। साल 2022 में शिंदे के विद्रोह से शिवसेना विभाजित हो गई थी, जिसके बाद ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# पाकिस्तान मानवता के लिए बना खतरा : ओवैसी

एजेंसी



हैदराबाद। ऑलइंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद को प्रायोजित करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास है और यह देश मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कई देशों के दौरे पर भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक के सदस्य के तौर पर यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए उनके संदेश का सार होगा। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने एक साक्षात्कार में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा लंबे समय से निर्दोष नागरिकों की हत्या के बारे में दुनिया को बताना होगा। उन्होंने कहा भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काफी दंश झेला है। हम सभी ने तमाशा देखा है, जिया-उल-हक के समय से लोगों का कत्लेआम देखा है। ओवैसी ने कहा जब तक पाकिस्तानी डीप स्टेट (नीति-निर्माण को नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली, ताकतवर गैर सरकारी तत्व), पाकिस्तानी (खुफिया एजेंसी) आईएसआई, पाकिस्तानी सेना का मकसद भारत को अस्थिर करना है, आप पाकिस्तान पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। हालांकि, ओवैसी ने कहा कि उन्हें पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद कूटनीतिक मुहिम के विवरण के बारे में सरकार से जानकारी मिलनी अभी बाकी है। पांचवीं बार के लोकसभा सदस्य ओवैसी पाकिस्तान के खिलाफ सरकार के कड़े रुख के सबसे मुखर समर्थकों में से एक के रूप में उभरे हैं और उनकी राजनीति को पसंद नहीं करने वाले लोगों का एक वर्ग भी उनकी प्रशंसा कर रहा है। उन्होंने कहा राजनीतिक रूप से, हम (एआईमआईएम) भाजपा की विचारधारा से लड़ते रहेंगे। लेकिन जब आप (इस) देश में आते हैं और देश के नागरिकों, भारत के नागरिकों को मारते हैं, तो इसमें कोई सवाल ही नहीं उठता.. मेरे राजनीतिक वैचारिक मतभेदों के बारे में। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की उनके द्वारा निंदा मुसलमानों के बीच व्यापक रूप से मौजूद भावनाओं को दर्शाती है।

# सरकार ने सैन्य कार्रवाई की शुरुआत में ही पाक को सूचित किया : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत के समय ही पाकिस्तान को इस बारे में सूचित कर दिया, जो एक अपराध है।

गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया और दावा किया कि सरकार ने यह स्वीकारा कि उसने हवाई हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि खुद विदेश मंत्री ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भारत सरकार ने ऐसा किया है। गांधी ने सवाल किया इसे किसने अधिकृत किया? परिणामस्वरूप हमारी वायुसेना ने कितने विमान खोए? जयशंकर को इस वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, ऑपरेशन की शुरुआत में हमने पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था कि हम आतंकवाद के ढांचे पर हमला कर रहे हैं और हम सेना पर हमला नहीं कर रहे हैं। इसलिए (पाकिस्तानी) सेना के पास कुछ नहीं करने और इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का विकल्प है।

उन्होंने अच्छी सलाह नहीं लेने का फैसला किया। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने इन दावों को खारिज किया है कि जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान को सूचित किया था। पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मंत्री ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और उन्हें गलत तरीके से उद्धृत किया जा रहा है।

### यूक्रेन में रूसी ड्रोन हमले से नौ की मौत

कीव। यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में शनिवार को रूस के एक ड्रोन ने एक यात्री बस को निशाना बनाया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली बार हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम पर सहमति नहीं बन सकी। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने सुमी के बिलोपिलिया शहर में हमले के बाद की तस्वीरें जारी कीं, जो रूसी सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। एसोसिएटेड प्रेस स्वतंत्र रूप से घटना के विवरण की पुष्टि नहीं करता है।

इंटरटेनमेंट...

# रिलीज से पहले मेकर्स हुए मालामाल : कुबेर

मुंबई। रश्मिका मंदाना और धनुष की अपकमिंग फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी चर्चा हो रही है. अगले महीने ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि, रिलीज से एक महीने पहले ही फिल्म ने करोड़ों की कमाई कर ली है। रश्मिका मंदाना पैन इंडिया स्टार बन चुकी हैं। पिछले कम वक्त में उन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, जिसमें पुष्पा 2, छावा और एनिमल का नाम शामिल है। आखिरी बार एक्ट्रेस सलमान खान के साथ

> रश्मिका-धनुष की फिल्म ने बटोर लिए करोड़ों, बजट का मिला आधा

सिकंदर में नजर आई थीं, लेकिन वो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर पाई। लेकिन, एक बार फिल्म रश्मिका अपनी फिल्म को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। अब रश्मिका धनुष के साथ कुबेर में दिखेंगी, लेकिन रिलीज से पहले ही फिल्म ने करोड़ों रुपए कमा लिए हैं। कुबेर एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जो कि 20 जून को रिलीज होगी। इस फिल्म में एक्ट्रेस के साथ साउथ के फेमस एक्टर धनुष भी नजर आएंगे। ये फिल्म मुंबई में गरीबी से अमीरी तक की कहानी पर बनाई गई है। जिस हिसाब से फिल्म की कहानी और उसके बजट को लेकर बातचीत चल रही है।




# 'इलेवन' फिल्म ने रिलीज होते ही मचाई सनसनी



नई दिल्ली। हाल ही में एक नई फिल्म रिलीज हुई है जिसने आते ही दर्शकों के बीच सनसनी मचा दी है। इस फिल्म को आईएमडीबी की तरफ से 9.8 रेटिंग मिली है। दर्शकों को फिल्म की कहानी और कलाकारों का दमदार प्रदर्शन काफी पसंद आ रहा है जिसके चलते फिल्म की चर्चा हो रही है। एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली।

हर हफ्ते शुक्रवार को सिनेमाघर हो या फिर ओटीटी प्लेटफॉर्म, कोई न कोई नई फिल्म या सीरीज रिलीज होती है। हालांकि, यह दर्शकों पर निर्भर करता है कि वह किसे हाईप या पसंद करें और किसे नहीं। कई फिल्म रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। एक ऐसी ही फिल्म ने पहले ही दिन धमाल मचा दिया। कल यानी 16 मई को साउथ सिनेमा की एक नई क्राइम थ्रिलर फिल्म रिलीज हुई जो सस्पेंस से भरी हुई है। कहानी एक सीरियल किलर की है, जो शहर में बेरहमी से हत्या कर रहा है। यह किलर साइको है जो पुलिस की सोच से एक कदम आगे चल रहा है। फिर फिल्म में एंट्री होती है एक होशियार पुलिस ऑफिसर की जो अपनी चालाकी से इस केस को सुलझाने में जुट जाता है। इस फिल्म का नाम है इलेवन।

# नितेश तिवारी की रामायण में दिखेंगी काजल अग्रवाल



मुंबई। एक्ट्रेस काजल अग्रवाल को नितेश तिवारी की आने फिल्म रामायण में काजल को एक अहम किरदार मिला है। वो इस फिल्म में रावण की पत्नी मंदोदरी का रोल निभा रही हैं। रावण के रोल में साउथ के सुपरस्टार यश नजर आएंगे।

पहले खबरें थीं कि ये किरदार साक्षी तंवर निभा सकती हैं, लेकिन अब प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कन्फर्म किया है कि मंदोदरी का रोल काजल को मिला है। यही नहीं, उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार एक सूत्र ने बताया, मंदोदरी का किरदार बहुत भावनात्मक और मजबूत है। इसके लिए एक ऐसी अभिनेत्री चाहिए थी जो गंभीरता और गरिमा को अच्छी तरह निभा सके। काजल इसमें बिल्कुल फिट बैठती हैं। वहीं, एक दूसरे प्रोडक्शन सदस्य ने कहा, फिल्ममेकर्स चाहते थे कि ये रोल ऐसी एक्ट्रेस निभाए जो पूरे देश में पॉपुलर हो।

# 29 साल पहले बनी फिल्म फ्रेंचाइजी ने कमाये 35 हजार करोड़



मुंबई। एक ऐसी फिल्म फ्रेंचाइजी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई से हर किसी को हैरान करके रख दिया। फ्रेंचाइजी में अब तक कुल 7 फिल्में आईं और सभी ने मिलकर दुनियाभर में 35 हजार करोड़ से ज्यादा की कमाई की। जब भी दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों का जिक्र होता है, तो उसमें 'मिशन इम्पॉसिबल' का नाम जरूर आता है। इस फ्रेंचाइजी की शुरूआत आज से 29 साल पहले 1996 में हुई थी। इस फिल्म सीरीज के जरिए टॉम क्रूज ने दुनियाभर के ऑडियंस को काफी एंटरटेन किया है। जब भी दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों का जिक्र होता है, तो उसमें 'मिशन इम्पॉसिबल' का नाम जरूर आता है। इस फ्रेंचाइजी की शुरूआत आज से 29 साल पहले 1996 में हुई थी. इस फिल्म सीरीज के जरिए टॉम क्रूज ने दुनियाभर के ऑडियंस को काफी एंटरटेन किया है।

अब तक इस फ्रेंचाइजी की 7 फिल्में आई हैं, जिन्होंने बंपर कमाई है औ अब 8वीं फिल्म भी सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। 17 मई को 'मिशन इम्पॉसिबल 8', जिसे 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' का नाम दिया गया है, सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. मेकर्स ने बाकी देशों से 6 दिन पहले रिलीज किया है। अब तक इस फ्रेंचाइजी की 7 फिल्में आई हैं, जिन्होंने बंपर कमाई है औ अब 8वीं फिल्म भी सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। 17 मई को 'मिशन इम्पॉसिबल 8', जिसे 'मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग' का नाम दिया गया है, सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। मेकर्स ने बाकी देशों से 6 दिन पहले रिलीज किया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com